हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 239, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 15 फरवरी, 2022 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## यूपी में पांच बजे तक 60.31 फीसदी मतदान

### मुरादाबाद में सपा और बसपा समर्थकों में पथराव व मारपीट, पुलिस ने खदेड़ा

लखनऊ। सोमवार को तीन बजे तक सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, बरेली, रामपुर, बदायूं और शाहजहांपुर जिले में वोटिंग जारी रही। मुरादाबाद के मैनाठेर थाना इलाके के ताहरपुर और तखतपुर अल्ला में सपा और बसपा प्रत्याशियों के समर्थक भिड़ गए। मारपीट के बाद पथराव हो गया। सहारनपुर में सपा और भाजपा के समर्थक आपस में भिड़ गए। पुलिस ने लाठियां फटकार कर सभी को भगाया।

**मतदान छोड़ गुटखा लेने गया पीठासीन अधिकारी**– गजरौला में मतदान को छोड़ पीठासीन अधिकारी गुटखा लेने चला गया। मतदाताओं की सूचना पर एसडीएम धनौरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने गायब रहे पीठासीन अधिकारी से नाराजगी जताते हुए हिदायत दी। तिगरी गांव के जूनियर हाईस्कूल में मतदान केंद्र बना है। मंडी धनौरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तिगरी के जूनियर हाईस्कूल में मतदान चल रहा था। अचानक पीठासीन अधिकारी गायब हो गया। काफी देर तक मतदाताओं की पंक्ति आगे नहीं बढ़ी तो पता चला कि पीठासीन अधिकारी अपनी सीट पर नहीं है। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना एसडीएम अरुण कुमार को दी गई। तभी पीठासीन अधिकारी भी गुटखा लेकर आ गया। एसडीएम ने उससे नाराजगी जताई और हिदायत दी। ग्रामीणों ने पीठासीन अधिकारी के 20 मिनट तक गायब रहने की बात कही है, लेकिन एसडीएम ने इसकी पुष्टि नहीं की। हालांकि एसडीएम का कहना है कि पीठासीन अधिकारी के गायब रहने की बात बेबुनियाद है।

**मुरादाबाद शाम 6 बजे तक हुए 66.42 फीसदी मतदान**

1. कंठ 67.58%



2. मुरादाबाद ग्रामीण 62.42%
3. कुंदरकी 68.76%
4. बिलारी 65.44%
5. ठाकुरद्वारा 72.84%
6. मुरादाबाद नगर 60.18%

**जनपद बिजनौर में पांच बजे तक 61.44 प्रतिशत हुआ मतदान**

| | |
|---|---|
| नजीबाबाद | 59.89 |
| नगीना | 61.02 |
| बढ़ापुर | 59.8 |
| धामपुर | 63.94 |
| नहटौर | 59.6 |
| बिजनौर | 61.7 |
| चांदपुर | 62.6 |
| नूरपुर | 63.3 |

**यूपी में पांच बजे तक 60.31 फीसदी मतदान**

अमरोहा में 5:00 बजे तक 66.15 फीसदी मतदान हुआ।

बरेली में 5 बजे तक 57.68 फीसदी वोटिंग हुई

बिजनौर में 5 बजे तक 61.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

बदायूं में 5 बजे तक 55.98 प्रतिशत मतदान हुआ

मुरादाबाद में 5 बजे तक 64.52 फीसदी वोट पड़े।

रामपुर में 5 बजे तक 60.10 फीसदी मतदान हुआ।

सहारनपुर में 5 बजे तक 67.05 प्रतिशत वोट पड़े

यूपी के संभल जिले में 5 बजे तक 56.88 फीसदी मतदान हुआ।

शाहजहांपुर में 5 बजे तक 55.20 प्रतिशत वोटिंग हुई

**रामपुर, संभल और अमरोहा का पांच बजे तक का वोटिंग प्रतिशत आया**

रामपुर में शाम 5 बजे तक 60.10% मतदान।

संभल में 5 बजे तक 56.88% मतदान।

अमरोहा में 5 बजे तक 65.10% मतदान।

**सहारनपुर में भिड़े सपा-भाजपा के समर्थक, पुलिस ने लाठियां फटकार कर दौड़ाया**– उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद में एक केंद्र पर मतदान दौरान सपा और भाजपा समर्थक आपस में भिड़ गए। वहीं विवाद बढ़ने पर पुलिस ने लाठियां फटकार कर दोनों पक्षों के समर्थकों को वहां से खदेड़ दिया। दरअसल, देवीकुंड स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बने मतदान केंद्र पर सोमवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवारी पार्टी (सपा) के कार्यकताओं के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के कार्यकताओं में तीखी बहस हो गई और विवाद बढ़ने लगा। वहीं पुलिस ने मामला बढ़ता देख दोनों पक्षों के समर्थकों पर लाठियां बरसा दीं।

**भाजपा को 10 मार्च को सब पता चल जाएगा: अब्दुल्लाह आजम**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर आजम खां के बेटे अब्दुल्लाह आजम की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। अब्दुल्लाह आजम ने कहा आजम साहब की की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। लेकिन अगर किसी को लगता है कि एक बेगुनाह को जेल में रखना अच्छा है तो यह भाजपा की गलतफहमी है। लोग इसे गलत मानते हैं। भाजपा को 10 मार्च को सब पता चल जाएगा।

अब्दुल्लाह आजम ने कहा कि भाजपा के दोनों इंजन अलग दौड़ रहे हैं यह बात उनका विरोधाभासी बयान ही बताता है। एक तरफ वो कहते हैं कि क्या अगर भाजपा नहीं होती तो आजम खां जेल में होते? वहीं दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि अखिलेश ही नहीं चाहते कि आजम खां जेल से बाहर आएं। मुझे लगता है यह बेहतर होगा कि भाजपा पहले अपना रुख साफ करे।

**फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा प्रत्याशी की पुलिस से नोकझोंक**– सहारनपुर में चिलकाना के जेजे इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा प्रत्याशी मुकेश चौधरी की पुलिस के साथ नोकझोंक हो गई। केंद्र पर भाजपा के एजेंटों ने प्रत्याशी मुकेश चौधरी को सूचना दी कि यहां कुछ लोग फर्जी वोट डाल रहे हैं। मौके पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी मुकेश चौधरी ने फर्जी वोटिंग की जानकारी ली और वहां तैनात पुलिसकर्मियों को हड़काया।

## शहीदों का सर्वोच्च बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा : पीएम मोदी

### पुलवामा के शहीदों को प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। देश आज पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है। पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों पर आतंकी हमले का आज तीसरा साल पूरा हो गया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीदों की बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। ट्विटर पर प्रधानमंत्री ने लिखा कि, 'मैं 2019 में इस दिन पुलवामा में शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं और हमारे राष्ट्र के लिए उनकी उत्कृष्ट सेवा को हमेशा याद करता हूं। उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।' बता दें कि सीआरपीएफ के काफिले पर हमला 14 फरवरी, 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे।



**सेना ने भी दी श्रद्धांजलि**– पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ जवानों को आज सेना ने भी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीआरपीएफ के एडीजी दलजीत सिंह चौधरी ने श्रद्धांजलि दी और कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखना है। इसके साथ ही भारतीय सेना अतिरिक्त महानिदेशालय जन सूचना विभाग ने ट्वीट कर कहा कि 'सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवने और भारतीय सेना के सभी रैंक के अधिकारी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं'।

**आत्मघाती हमलावर ने किया था हमला**– बता दें कि इस घटना में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन को बस में टक्कर मार दी थी। काफिले में 78 बसें थीं जिनमें से लगभग 2,500 जवान जम्मू से श्रीनगर की यात्रा कर रहे थे। इसके बाद हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे।

**सेना ने 12 दिनों में लिया था बदला**– बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए। पुलवामा हमले के 12 दिन के भीतर भारत ने पाकिस्तान से बदला लिया था। सेना ने आतंकियों के ठिकाने पर सर्जिकल स्ट्राइक कर 300 से ज्यादा आतंकी ढेर कर दिए थे। इस स्ट्राइक से जैश का कैडर काफी हद तबाह हो गया था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जिसमें सैकड़ों आतंकियों का सफाया किया गया।

## सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों बोले- पाकिस्तानी सेना आईएसआई व पाक के आतंकी संगठन मिलकर करते हैं काम

नई दिल्ली। साल 2019 के पुलवामा हमले के समय श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में 15वीं कोर की कमान संभालने वाले लेफ्टिनेंट



जनरल (सेवानिवृत्त) केजेएस ढिल्लों ने कहा कि जहां तक सवाल पाकिस्तान की ओर से हो रही घुसपैठ का है तो कोई भी पाकिस्तानी सेना की मदद के बिना नियंत्रण रेखा को पार नहीं कर सकता है। पाकिस्तानी सेना, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाक के आतंकी संगठन एक साथ मिलकर काम करते हैं। केजेएस ढिल्लों ने कहा कि हमारे पास पाकिस्तान की मिलीभगत के पुख्ता सुबूत हैं। हमने गुलमर्ग सेक्टर में एलओसी पर पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा है। उनको पाक पोस्ट की मदद से एलओसी पर लाया गया था। केजेएस ढिल्लों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने पुलवामा हमले के 100 घंटे के भीतर ही जिम्मेदार आतंकियों के माड्यूल को खत्म कर दिया था। आतंकियों के माड्यूल में पाकिस्तानी कामरान भी शामिल था। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद आतंकी इस कदर डर गए थे कि कोई भी जैश-ए-मोहम्मद का नेतृत्व नहीं करना चाहता था। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए केजेएस ढिल्लों ने कहा हमारे पास इंटरसेप्ट हैं। पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगनाओं ने फोन करके आतंकवादियों से जैश-ए-मोहम्मद की कमान संभालने को कहा था लेकिन सुरक्षा बलों की कार्रवाई का खौफ ऐसा था कि उन्होंने मना कर दिया था। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। जैश-ए-मोहम्मद के आदिल अहमद डार के रूप में पहचाने जाने वाले आत्मघाती हमलावर ने अपने वाहन से सीआरपीएफ के काफिले में चल रही एक बस में टक्कर मार दी थी।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने पुलवामा हमले के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि, बलिदानियों के परिजनों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

जम्मू। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सोमवार को पुलवामा में बलिदान देने वाले अपने 40 बलिदानों को श्रद्धांजलि देकर जम्मू-कश्मीर में देश विरोधी तत्वों के मंसूबों को नाकाम बनाने के लिए हर कुबार्नी देने का प्रण लिया। जम्मू के छन्नी हिम्मत में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 76वीं बटालियन मुख्यालय में पुलवामा हमले में बलिदान देने वाले इस बटालियन के 5 वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलवामा में आतंकवादियों ने केंद्रीय रिवर्ज पुलिस बल की 76वीं बटालियन बटालियन की बस को निशाना बनाया था। इस बस को इसी बटालियन के वीर हैड कांस्टेबल जय मल सिंह चला रहे थे। इन बलिदानियों के साथियों ने नम आंखों के साथ उन्हें याद करते हुए उन पुराने दिनों के बारे में बताया जब ऐ एक साथ देश के दुश्मनों का मुकाबला कर रहे थे। बलिदान देने वाले बटालियन के जवानों में हैड कांस्टेबल नसीर अहमद, हैड कांस्टेबल जयमल सिंह, कांस्टेबल रोहिताश लांबा, कांस्टेबल सुखजिंदर कांस्टेबल तिलक राज शामिल थे। बटालियन के अधिकारियों व जवानों ने अपने बलिदानियों से प्रेरणा लेते हुए उनके पद् चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बलिदानी नसीर अहमद की पत्नी शाजिया कौसर को भी सम्मानित किया गया।



## पीएम के बयान पर बवाल : आंदोलन स्थगित होने पर फडणवीस ने पटोले को कहा नौटंकीबाज, बोले- कांग्रेस देश से माफी मांगे

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए गए भाषण में महाराष्ट्र का कथित अपमान किए जाने को लेकर राज्य भर में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। इस आंदोलन का आह्वान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने किया है। इसी कार्यक्रम के तहत पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बंगले के बाहर प्रदर्शन किया जाना था लेकिन गाड़ी चालकों को होने वाली असुविधा का हवाला देते हुए आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। दूसरी तरफ आंदोलन को लेकर बीजेपी ने भी आक्रामक रवैया इख्तियार कर लिया। सुबह से बीजेपी नेता भी नाना पटोले के घर के बाहर प्रदर्शन पर उतर गए। वहीं कांग्रेस के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले को मुंबई पुलिस ने उनके घर के बाहर उन्हें रोक दिया और अन्य कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। भाजपा विधायक आशीष शेलार ने दावा किया कि कांग्रेस का आंदोलन विफल हो गया। शेलार ने यह भी



आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकताओं को भी हिरासत में लिया है। वहीं पीएम मोदी के बयान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का इस मुद्दे पर माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता बल्कि कांग्रेस को देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नानापटोले नौटंकीबाज है। उनकी नौटंकी का कोई असर नहीं होने वाला। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा था कि कोरोना लहर के दौरान लॉकडाउन के दौरान कांग्रेस मुंबई रेलवे स्टेशन पर श्रमिकों को डरा-धमकाकर घर जाने को कह रही थी। कांग्रेस के नेता इसी बयान को लेकर आंदोलन करने वाले थे। कांग्रेसियों का कहना है कि पीएम मोदी ने महाराष्ट्र की संस्कृति और छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र का अपमान करने वाले मोदी को सपोर्ट करने वाली भाजपा की संस्कृति की निंदा करते हैं।

## राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सक्रिय हुई ममता, भाजपा विरोधी दलों की बैठक बुलाने की कर रही हैं तैयारी

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अभी से सक्रिय हो गई हैं। तृणमूल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ममता की इस बाबत अब तक तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से बातचीत हो चुकी है। हालिया लखनऊ दौरे के समय ममता ने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव से भी इसे लेकर बातचीत की थी। सूत्रों ने आगे बताया कि ममता इसे लेकर भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाने की भी तैयारी कर रही हैं। यह बैठक दिल्ली अथवा दक्षिण भारत में कहीं हो सकती है। ममता की पहली पसंद चेन्नई बताई जा रही है लेकिन बाकी दलों के साथ बातचीत करके ही जगह तय की जाएगी। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रपति चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। ममता राष्ट्रपति चुनाव के माध्यम से एक बार फिर भाजपा विरोधी गठबंधन तैयार की कवायद में है। उत्तर प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा अगर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तो विरोधियों के हौसले बुलंद हो सकते हैं और भाजपा विरोधी गठबंधन को बल मिल सकता है। इसी साल के मध्य तक राम नाथ कोविन्द का कार्यकाल खत्म हो रहा है। ममता अगले राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा को विरोधी खेमे से कड़ी टक्कर देना चाहती हैं। संसद के दोनों सदनों व विभिन्न राज्यों की विधानसभा में सदस्यों की संख्या के लिहाज से भाजपा इस समय काफी मजबूत स्थिति में है। गौरतलब है कि इसी आधार पर राष्ट्रपति चुनाव होता है। ममता इससे भली-भांति वाकिफ हैं, फिर भी वह चाहती हैं कि भाजपा की तरफ से अगली बार जिसे भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाता है, उसे आसानी से जीत हासिल न हो पाए।

## सीएम योगी बोले- अखिलेश नहीं चाहते आजम जेल से बाहर आएं, कांग्रेस को डुबोने के लिए भाई-बहन पर्याप्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद उत्साहित हैं। सोमवार को दूसरे चरण के मतदान के दौरान उन्होंने कहा कि पहले चरण के बाद स्थिति साफ हो गई है। भाजपा उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के बाद स्थिति साफ होती जा रही है, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी और इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले चरण के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुए हैं। प्रदेश में कहीं पर भी कोई दंगा नहीं हुआ, नहीं तो यहां दंगे और गुंडागर्दी होती थी। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या बंगाल में इतने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव होते हैं। बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पर बर्बर अत्याचार हो रहा था। वहां पर तो बूथ कैप्चर किए जा रहे थे और केरल में भी ऐसे ही हुआ था। उन्होंने कहा कि ये लोग जो बंगाल से यहां आकर अराजकता फैलाने की बात कर रहे हैं, इसके प्रति जनता को अलर्ट करने की जरूरत थी कि सावधान जो सम्मान और सुरक्षा



मिली है उस पर सेंध लगाने के लिए लोग आ गए हैं।

**अखिलेश यादव पर बेहद गंभीर आरोप:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बेहद गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां फजीर्वाड़ा के आरोप में एक वर्ष से अधिक समय से सीतापुर की जेल में बंद हैं। अखिलेश यादव खुद नहीं चाहते हैं कि आजम खां जेल से बाहर आएं। अगर आजम खां बाहर आ गए तो अखिलेश जी की कुर्सी खतरे में पड़ जाएगी। आजम खां या अन्य लोगों के मामले न्यायालय से जुड़े हैं, इनका राज्य सरकार से कोई लेना-देना नहीं। जमानत देने का अधिकार न्यायालय का होता है। उनको बाहर निकालने के लिए मजबूत पैरवी नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सभी सीट पर लड़ रही है। अब उसको डुबोने में किसी और की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को डुबोने के लिए भाई-बहन ही पर्याप्त हैं।

**भाजपा के साथ ८० प्रतिशत लोग:** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 के परिणाम को लेकर उन्होंने कहा कि मैंने 80 बनाम 20 की बात की थी। 80 प्रतिशत लोग भाजपा के साथ होंगे और 20 प्रतिशत हमेशा विरोध करते हैं और विरोध करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने जाति, मत, मजहब की बात नहीं की थी। 80 प्रतिशत वो लोग जो हमेशा प्रदेश सरकार के अच्छे कार्यों का समर्थन करते हैं और 20 प्रतिशत वो लोग जिन्हें हमेशा विरोध करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति के एजेंडे को बदला है। पहले जाति, मत, मजहब और परिवार के इर्द-गिर्द बनी भारत की राजनीतिक व्यवस्था में आज विकास, सुशासन, गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं चर्चा का विषय हैं।

## कर्नाटक हाईकोर्ट में हिजाब विवाद पर शुरू हुई सुनवाई

बेंगलुरु। हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मीडिया से जिम्मेदार बनने की अपील की है। हाईकोर्ट ने अपील करते हुए कहा कि, मीडिया से हमारा अनुरोध है कि वे अधिक जिम्मेदार बनें। वहीं, याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के समक्ष हिजाब पर प्रतिबंध लगाने का सरकारी आदेश प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह सरकारी आदेश अनुच्छेद 25 के तहत है और यह कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है। चीफ जस्टिस रितुराज अवस्थी, जस्टिस कृष्णा एस दीक्षित और जस्टिस जेएम खाजी की 3 जजों की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। बता दें कि, कर्नाटक हाईकोर्ट ने फैसला आने तक शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब, भगवा गमछा या धार्मिक पहचान वाले किसी भी पोशाक के पहनने पर रोक लगा दी है। हालांकि, इस बीच आज से कर्नाटक में 10वीं तक के स्कूल खुल रहे हैं। राज्य में हिजाब विवाद को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने सतर्कता बरतते हुए स्कूलों के आसपास धारा 144 लागू कर दी है। मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने चेतावनी दी है कि गड़बड़ी फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। दरअसल, गुरुवार को कोर्ट में तीन जजों की पीठ ने मामले में सुनवाई की थी। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी ने सुनवाई के लिए तीन जजों की एक पीठ का गठन किया था, जिसमें वो खुद भी शामिल हैं। उनके साथ न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित और न्यायमूर्ति जे एम खाजी ने मुद्दे से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने सरकार के फैसले के खिलाफ कई दलीले दीं थी। आपको बता दें कि, उडुपी जिले में शैक्षणिक संस्थानों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई है, जो 19 फरवरी तक जारी रहेगी।

## चिंतन मनन

# धनखड़ के फैसलों से बढ़ेगी भाजपा की मुश्किलें

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और राज्यपाल जगदीप धनखड़ का वर्षों पुराना विवाद अब चरम पर आ गया है। 12 फरवरी को राज्यपाल महोदय ने बिना विधानसभा के प्रस्ताव लिए 6सत्रावसन कर, विधानसभा की अधिकारिक संवैधानिक विवाद में डालने का कार्य किया है। स्वतंत्रता के बाद से परम्परा रही है कि लोकसभा को तथा विधानसभा की सरकार की कार्यकाल अवधि में सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाता है। बंगाल के राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड 2 के उपखंड ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सत्रावसन की अधिसूचना जारी की है। जिसके कारण विधानसभा का सत्र अब बिना राज्यपाल की मंजूरी के नहीं बुलाया जा सकता है। सत्र बुलाने का अधिकार सरकार को होता है। मुख्यमंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सत्र बुलाने के लिए गवर्नर को लिखा जाता है। सत्रावसन की अधिसूचना जारी होने से मुख्यमंत्री को राज्यपाल से सत्र बुलाने की मिन्नत करना पड़ सकती है। माना जा रहा है सत्र के दौरान विधानसभा में राज्यपाल को हटाने का संकल्प सरकार पास कराना चाहती थी। इसी आशंका को देखते हुए राज्यपाल ने ममता बैनर्जी पर दबाब बनाने का काम किया है। बंगाल का बजट सत्र शुरू होने की तैयारियां विधानसभा कर रही थी। बजट सत्र को लेकर अब बंगाल सरकार के सामने नई संवैधानिक चुनौती खड़ी करके राज्यपाल धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को नई चुनौती दी है। इस विवाद में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच सहमति नहीं बनी तो अप्रैल माह से सरकार के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो जाएगी। सरकार को चलाने के लिए आर्थिक संकट का दौर खड़ा होगा। ममता बैनर्जी के बारे में जगजाहिर है, वह समझौता करने के स्थान पर अपनी बात पर अड़ी रहकर आमने-सामने आकर पूरी ताकत से लड़ती है। ममता बैनर्जी की राजनीति में दबाब और समझौते का कोई इतिहास नहीं है। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी से ममता बैनर्जी का टकराव हुआ। कांग्रेस अधिवेशन कोलकाता में चल रहा था। इसी बीच उन्होंने कांग्रेस छोड़कर टीएमसी बनाकर कांग्रेस को चुनौती दी थी। पिछले 22 वर्षों के ममता बैनर्जी के राजनैतिक सफर में उन्होंने अपनी दृण इच्छाशक्ति के साथ राजनीति अपनी शर्तों के साथ की है। राज्यपाल धनखड़ ने सत्रावसन की अधिसूचना जारी कर लड़ाई को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया है। इस लड़ाई में किसके पक्ष में ऊंट बैठेगा? हाल ही में प.बंगाल के विधानसभा चुनाव हुए हैं। जिसमें टीएमसी को चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिली है। ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार, हाईकोर्ट एवं सुप्रीमकोर्ट राज्यपाल के इस निर्णय से सहमत होंगी, यह संभव नहीं दिखता है। किसान आंदोलन, प. बंगाल के विधानसभा चुनाव के बाद 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा और केन्द्र सरकार को जिस तरह की चुनौतियां मिल रहीं है।

# लगती ना लगाम!




बढ़ रहा अपराध ।
लगती ना लगाम ।।
पर व्यवस्था वाले ।
लगे अपने काम ।।
लग ना पाया अंकुश ।
हुआ ना विराम ।।
संलिप्तता जिनकी ।
पा रहे मुकाम ।।
डर का ये माहौल ।
हो रहा ना कम ।।
बीतती है जिन पर ।
जानते वो गम ।।
शब्द जो निकलते ।
कितने असरदार ?
हैं कहां तक सक्षम ।
करने को प्रहार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# सूरज तो नकली बन गया, चाँद अब तुम अपनी खैर मनाओ

अभी तक तो अपन ने नकली दाल, नकली मसाले, नकली पनीर, नकली दूध, नकली खोबा, नकली दवाइयां, नकली इंजेक्शन, नकली खाद, के बारे में सुना था और देखा भी था लेकिन ये ब्रिटेन के अंग्रेज तो अपने से भी बड़े निकले, सारी चीजे छोड़कर एक नकली "सूरज" ही बना डाला ' सुना है ब्रिटैन के वैज्ञानिकों ने नकली सूरज बनाने में सफलता पा ली है परमाणु संयलन को अंजाम देने वाले एक रियक्टर बना लिया है जिसमें अपार ऊर्जा निकलती है और इसे नकली सूरज बताया जा रहा है।

अभी तक तो भारतीय लोग नकली चीजे बनाने में अपने आप को "मास्टर माइंड" मानते थे दिल्ली में हर उस कंपनी का डुप्लीकेट माल मिल जाएगा जो आप चाहते हो इसलिए कोई सामान लगवाने कहीं जाओ तो वो पूछता है कंपनी का माल लगाऊं या दिल्ली वाला, आदमी फट से कह देता है दिल्ली वाला लगा दो, वो सस्ता मिलता है लेकिन इन गोरे अंग्रेजों को तो देखो, किसी ने सोचा भी नहीं होगा कभी सूरज भी नकली बन सकता है लेकिन इन्होने बना लिया' लोग बाग पूछ रहे है की ये कब से नकली माल बनाने लगे तो इन्हें क्या मालूम नहीं है कि वे बरसों इसी भारत में रहे है तो संगत का असर तो आएगा न, सो अपने लोगों का असर उन पर भी आ गया वे अपने देश जरूर चले गए लेकिन नकली सामान बनाने की जो ट्रेनिंग लेकर यंहा से गए थे उसका प्रयोग वे लगातार करते रहे और आज देखो उन लोगों ने नकली सूरज बना डाला, अब अपने को चिंता हो रही है बेचारे "चाँद" की इनका क्या होगा, सूरज को तो बेहद उग्र माना जाता है लेकिन अपना चाँद तो शांत, उदास, सीधा साधा माना जाता है खूबसूरती में उसकी जरूर तुलना की जाती है' महबूब अपनी महबूबा को चाँद की उपमा देता है और कहता है "चाँद सी महबूबा हो



मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था आ तुम बिलकुल वैसी हो जैसा मैंने सोचा था" ' एक ने तो प्रेमिका की तुलना चौहदवीं के चाँद से कर दी थी लेकिन अब लगता है ये ब्रिटेन वाले नकली चाँद भी बनाकर ही छोड़ेंगे अपनी चाँद को एक ही सलाह है की भैया तुम अपनी खैर मनाओ जो अंग्रेज सूरज नकली बना सकते है उनके सामने तुम कौन से बड़ी चीज हो '

**अफसर हो तो ऐसी**– राजस्थान के जयपुर में राजस्थान प्रशासनिक सेवा की एक महिला अधिकारी ममता यादव को ऐंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया अभी तक तो ये होता था कि कोई रिश्वत लेते पकड़ा जाता था तो रोने लगता था छोड़ने की मिन्नतें करने लगता था लेकिन मान गए उस महिला अफसर को, पकड़ने वाली पार्टी के सामने हँसते हँसते कहा आप लोग भी बेवजह परेशान हो रहे हैं अरे भाई कोई खुश होकर पैसा प्रसाद के रूप में देता है तो कैसे मना कर सकते हैं ये तो प्रसाद है और प्रसाद को ठुकराना ठीक बात नहीं हैं ' मानते है अपन उस महिला अफसर की दिलेरी को और एक हिसाब से वो ठीक ही कह रही है, कोई किसी को पैसा दे रहा है तो कौन है जो लेने से इनकार कर दे और फिर सरकारी अफसरों का तो हक बनता है लोगो से पैसा लेने का ' काम करवाना है तो पैसा तो लगेगा न फ्री में कोई काम होता है क्या, और फिर जब उस पद को पाने केलिए लम्बा चौड़ा माल लगेगा तो फिर उसकी वसूली भी तो जरूरी होगी और वो ही तो वी महिला अफसर कर रही थी ' लोग बाग भले ही उसे कुछ कहें लेकिन अपन तो कायल हैं अफसर हो तो ऐसी वरना बड़े बड़े रिश्वतखोर जब पकडे जाते हैं तो उनकी सिटी पिट्टी गुम हो जाती है मुंह छिपाकर बैठ जाते हैं रूमाल से चेहरा ढक लेते है लेकिन धन्य है वो अफसर ना तो मुंह छिपाया न घबराई छाती ठोंक कर कहा कि जो प्रेम से देने आएगा तो लेना ही पड़ेगा।

**आसमानी शुभ रंग है तो क्या करते मंत्री जी**– अपने मध्य प्रदेश के वन मंत्री हैं शाह साहेब, राजघराने के आदमी है तो उसी तरह की उनके कार्यकलाप भी रहते हैं उनके डिपार्टमेंट की एक सफेद एम्बेसेडर कार थी सफेद रंग की, उस कार पर मंत्री जी ने "आसमानी कलर" का करवा लिया हल्ला मचा कि कार का कलर बिना आरटीओ की अनुमति के बदला नहीं जा सकता अखबारों में खबर छप गयी कि मंत्री जी ने बिना परमीशन के कार का रंग बदल वा लिया अपने को तो ये बात ही समझ में में नहीं आई कि मंत्रीजी ने कार का कलर यदि बदलवा भी लिया तो ऐसा क्या पहाड़ टूट पड़ा।

अरे भाई मंत्री हैं जो रंग पसंद हैं करवा लिया बाद में ये भी पता लगा कि किसी ज्योतिषी ने मंत्रीजी को बताया था कि आपके लिए आसमानी रंग सबसे जयादा शुभ है इसलिए मंत्री जी ने कार का रंग सफेद से बदलकर आसमानी करवा लिया' वैसे भी राजनीति में दोस्त कम और दुश्मन ज्यादा होते है जो कुर्सी पर बैठता हैं है उसके प्रतिद्वंदी तो दूर उसके अपने साथ के लोग अदृश्य आरी लेकर उस कुर्सी की टाँगे काटने घूमते रहते है ऐसे में कुर्सी बचाने और दुश्मनों का संहार करने ज्योतिषी के पास तो जाना ही पड़ता है' लोग बाग तो अंक ज्योतिष के चक्कर में अपने नाम की स्पेलिंग तक बदल लेते है कई तो अपना नाम भी बदल लेते है तो फिर यदि मंत्री जी ने कार का रंग बदलवा लिया तो इसमें इतना बबण्डर मचाने की जरूरत क्या है और फिर आसमानी रंग तो देखने में भी खूबसूरत लगता है आसमानी बादलों को देखो कितने सुंदर और दिलकश लगते हैं इसलिए मंत्री जी के इस काम को लेकर बहस मत करो उनको पूरा हक है वे अपनी कार का रंग आसमानी करवा ले पीला करवा लें लाल पोत दें काली कर लें उनसे कोई कुछ नहीं कहेगा।

# प्राकृतिक आपदाओं की भेंट चढ़ते जवान

अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से सेना के सात जवान शहीद हो गए। जवानों की शहादत उस स्थान पर हुई जहां हमारे देश की सीमा चीन से लगती है। प्राकृतिक आपदाओं में सेना के जवानों की शहादत हमारे लिए बड़ा सवाल है। गृह और रक्षा मंत्रालय को एक साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं में जवानों की शहादत को रोकना चाहिए। भू और मौसम वैज्ञानिकों के साथ सेना की तकनीकी विभाग को मिलकर इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए रणनीति बनानी चाहिए। क्योंकि बफीर्ले तूफान की भेंट चढ़ कर अब तक एक हजार से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं।

मौसम की गड़बड़ी की वजह से सेना के जवानों को एयरलिफ्ट नहीं किया जा सका। भारी हिमस्खलन होने से सभी सात जवान शहीद हो गए। एवलॉन्च और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नयी नहीं है। हमारे जवान दुर्गम पहड़ी इलाकों में हजारों फीट की ऊचाई पर देश की रक्षा करते हैं। सेना की शहादत और पराक्रम को भूनाने वाली सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पूरा देश भारतीय जवानों पर गर्व करता। हम बफीर्ली ठंड में जब कमरों में वार्मर लगा कर राजाई में गहरी नींद लेते हैं तो हमारा जवान एवलांच और हिमस्खलन जैसी प्रकृतिक आपदा में शहीद होता है।अनावश्यक किसी जवान की शहादत राष्ट्र को भारी क्षति पहुंचाती है। शहादत कि कीमत आम भारतीय परिवार किस तरह चुकाता है इसकी पीड़ा कोई उसी से पूछे जिनके सपने और उम्मीदें लुट जाती हैं।

'ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी..'स्वर कोकिला लता जी अब हमारे बीच नहीं रहीं। यह अमर गीत लिखने वाले कवि प्रदीप भी नहीं हैं, लेकिन लता और प्रदीप जी अमर हो गए। इस गीत को सुनकर हर भारतीय के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। शहीदों के सम्मान में आँसू निकल आते हैं। सीना गर्व से फूल उठता है। उसके अंदर एक सैनिक का जज्बा जाग उठता है। लेकिन सेना के लिए हमारी चिंता कितनी है सवाल इस बात का भी है।

आपको याद होगा 2017 में श्रीनगर के गुरेज सेक्टर में एवलांच यानी बफीर्ले तूफान में 15 जवानों की मौत ने देश को हिलाकर रख दिया। एवलांच मौत की सुनामी बन कर आया था। हमने अपने जाबाज जवानों को बेमतलब खो दिया था। जवान दुश्मन के खिलाफ जंग लड़ते नहीं प्राकृतिक कहर में मारे गए। वह भी जिस चौकी पर जवान शहीद हुए वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। कुछ ऐसा ही अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से हुआ।

हमारे सैनिक प्राकृतिक आपदा का शिकार क्यों होते हैं।क्या हमारे पड़ोसी मुल्क चीन, अमेरिका और रूस के जवान भी बफीर्ली सीमा



पर इस तरह शहीद होते हैं। अगर नहीं तो हमने क्या इस बारे में कभी सोचा? जवानों की सुरक्षा के लिए हमने कोई तंत्र अब तक क्यों नहीं विकसित किया? सिर्फ जवानों की शहादत पर घड़ियाली आंसू बहाने से क्या हम जिम्मेदारियों से बच सकते हैं। सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

फरवरी 2016 में भी हमारे 10 जवान इसी तरह शहीद हुए थे, जिसमें मेजर हनुमनथप्पा भी शामिल थे, जिन्हें कई दिन बाद बर्फ से बाहर निकाला गया, लेकिन हम उन्हें बचा नहीं पाए। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में एवलांच यानी बफीर्ला तूफान और हिमस्खलन ठंड के मौसम में समान्य घटना है। हजारों फीट ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं पर बफीर्ले तूफान की वजह से मोटी परत जम जाती है। अधिक दबाब की वजह से जब यह नीचे आती है तो इसे एवलांच कहा जाता है। इसकी गति सीमा 100 से 150 किमी प्रतिघंटा की होती है, जिसकी हम कल्पना तक नहीं कर सकते। हिमालयी इलाकों में सीमा की सुरक्षा बेहद खतरनाक है। जवानों का एक-एक कदम जोखिम भरा होता है। यंत्रों के माध्यम से जांच परख के बाद वह अपना कदम बढ़ाते हैं। एक-दूसरे के साथ रस्सियों के सहारे आपस में बंधे होते हैं। ऑक्सीजन कम होने से सांस लेना भी मुश्किल होता है। बफीर्ली गर्तो में समाने का डर हमेशा बना रहता है।

## श्रद्धांजलि



सिसक सिसक कर पूछा बेटा ? मम्मी!
पापा, घर कबतक आएंगे ?
अब पढ़ने जाना पड़ता दूर,छोटी साईकिल कब लाएंगे।।बहन ने पूछा भाभी!
भैया कब छुट्टी ले घर आएंगे?
मेरे नन्हें हाथों से, हाथ में राखी बधवाएंगे।।
गला भर गया,सोच में डूबी
, मां ने बच्ची को समझाया।
चले गए अब ना लौटेंगे,
आंखों ने आसूं बरसाया।।
आकर चले गए ओ? जबसे ,आने वाला दिन ना आया।
सुहाग की आहुति दे डाली मैं, सुहाग देश के काम है आया।।
लुटा दिए ओ युवा जवानी।
स्मृति शेष बस रह गई उनकी,अमर शहादत अमर कहानी।।
14फरवरी को सूरज जब सोकर जगने वाला था। उससे पहले मेरे सोहाग पर गोला फटने वाला था।।
भारत माता के चालीस बेटों ने अपना जीवन बलिदान किया।आंच ना आने दिए बहादुर, सुरक्षित हिन्दुस्तान किया।।सरस आज उनके बरसी पर श्रद्धा सुमन समर्पित है।
भावपूर्ण ममता का सागर, चरणों में अर्पित है।।



**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# संसदीय गरिमा पर सवाल?

देश के प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव इतने हावी हो गए है कि वे संसदीय मयार्दा को भी विस्मृत कर रहे है, इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा संसद में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर दिया गया जवाब है, जिसमें अभिभाषण के मुद्दों पर तथा सरकार की कथित उपलब्धियों पर चर्चा करने के स्थान पर अपनी पार्टी के चुनाव प्रचार और प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस को कोसने का गैर संसदीय कृत्य किया गया। प्रधानमंत्री जी ने कांग्रेस को जिन शब्दों में कोसा वे भी ससंदीय मयार्दा व प्रधानमंत्री जी के पद के अनुकूल नहीं थे, अब इसे क्या कहा जाए?

प्रधानमंत्री जी की भावी जीत के प्रति व्यग्रता इतनी अधिक बढ़ गई है कि उन्हें अपने पद की मयार्दा का भी ख्याल नहीं रहता, पार्टी ने चूंकि पूरे देश में भाजपा को ह्यचक्रवर्ती सम्राटह्ण बनाने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री को सौंपी है, इसलिए शायद वे अपनी व पद की मयार्दा भूल कर पार्टी प्रचार में जुटे है। संसद में अभिभाषण के जवाब में उनके विचार इसी भावना को मूर्तरूप प्रदान कर रहे है। इससे पहले संसद के दोनों सदनों में कभी भी पार्टी प्रचार के दृष्य नहीं देखे गए, संसद में चर्चा सरकार व उसके कार्यों पर ही सीमित रहती थी, किंतु अब प्रधानमंत्री जी ने एक नई परम्परा को जन्म दे दिया है। ....और पार्टी प्रचार व जीत के प्रयासों में वह सब किया जा रहा है, जो राजनीतिक मयार्दा के अनुकूल नहीं है।

यहीं नहीं अब तो भाजपा के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा बयान भी कुछ अजीब ही दिये जा रहे है, उदाहरण स्वरूप पार्टी के महासचिव व मध्यप्रदेश के संगठन प्रभारी मुरलीधर राज का यह कहना कि भाजपा के वोट शेयर का लक्ष्य अब पचास फीसदी से अधिक करने का है जिससे कि अगले पच्चीस साल तक देश पर राज करने में



कोई परेशानी पैदा नही हो, साथ ही अपने इसी तर्क के विरोध में स्वयं ही यह भी कहते नजर आ रहे है कि लगातार सत्ता में रहने से सोच स्थिर हो जाती है आखिर इस तरह की अन्तर्विरोधी बयानबाजी पार्टी का कौन सा लक्ष्य साधती है?

इस सबसे अलग हटकर भी यदि मौजूदा राजनीतिक हालातों पर गौर किया जाए तो भाजपा व उनकी केन्द्र व राज्य सरकारों की अल्प संख्यक मुस्लिमों के प्रति बढ़ती ज्यादतियां है, ताजा उदाहरण कर्नाटक से शुरू हुआ शिक्षण संस्थाओं में हिजाब (बुरका) का विरोध है, वहां स्कूल-कॉलेजों की छात्राओं से कहा जा रहा है कि चूंकि हिजाब (बुरका) शिक्षण संस्थान की निर्धारित पौषाक का अंग नहीं है, इसलिए हिजाब डालकर शिक्षण संस्था में आना गैरकानूनी है, वहां इसी मुद्दें पर हिंसक वारदातें भी हो रही है, हिजाब का विरोध करने वाले युवा छात्र अपने गले में केशरियां दुपट्टा डाले हुए थे, जो वह भी निर्धारित पौषाक का अंग नहीं है, इन केशरियां दुपट्टा छात्रों को भाजपा समर्थित बताया जा रहा है। यह एक नया विवाद है जो कर्नाटक के बाद अब देश के अन्य भाजपाशासित राज्यों में भी फैल रहा है, यही नहीं चुनावी राज्यों (खासकर उत्तरप्रदेश) में भी इसकी भनक सुनाई पड़ने लगी है, यदि इसे शीघ्र रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो देश में साम्प्रदायिक दुर्भावनाओं के विस्तार की संभावनाएं बढ़ सकती है। वैसे जहां तक साम्प्रदायिक दंगों का सवाल है, प्रधानमंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी चाहे यह कहें कि देश में पिछले सालों में एक भी साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ, जबकि स्वयं गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में लिखित रूप से स्वीकार किया कि 2018 से 2020 की अवधि के दौरान देश में 1807 साम्प्रदायिक दंगें हुए, अकेले बिहार में तीन साल में 2777 दंगाईयों की गिरफ्तारियां हुई है। जबकि महाराष्ट्र में तीन साल में 167 मामले दर्ज किए गए। इस प्रकार इस देश में साम्प्रदायिकता का जहर अभी भी व्याप्त है।

इस प्रकार कुल मिलाकर देश का राजनीतिक माहौल कुछ अजीब ही शक्ल लेता जा रहा है, देश का सत्तारूढ़ दल सभी काम छोड़कर केवल विस्तारवादी विचारधारा से जुड़ गया है, वहीं अन्य प्रतिपक्षी दल अपने अंदर के कलह को दूर नहीं कर पा रहे हैं, अब ऐसी स्थिति में देश का आम वोटर पूरी तरह उपेक्षित हो गया है और उसे अपने दैनंदिनी उलझनों से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। ऐसी विषम स्थिति में कोई करे भी तो क्या?

# बढ़ती उम्र में इस तरह करें मेकअप



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, त्वचा के कसाव में कमी आना, झुर्रियां, आखों का ड्राई होना और न जाने कितनी ही समस्याओं से महिलाओं को दो चार होना पड़ता है। ऐसे में अपने चेहरे की कमियों को छिपाने और खुद को आकर्षक दिखाने के लिए वह मेकअप का सहारा लेती हैं। लेकिन बढ़ती उम्र में आपके मेकअप के तरीके में बदलाव करना भी बेहद आवश्यक हो जाता है। अगर आपका मेकअप व उसे लगाने का तरीका सही नहीं होगा तो आपको बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम जैसे जुमले भी सुनने को मिल जाएंगे। तो आईए जानते हैं मेकअप करने के सही तरीकों के बारे में–

### सीटीएमपी है सही

चालीस साल के बाद त्वचा ड्राई हो जाती है। ऐसे में स्किन को नरिश करने के लिए सीटीएमपी अर्थात क्लींजिंग, टोनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड प्रोटेक्शन आवश्यक है। क्लीजिंग के लिए आपको नरिशिंग क्लीजिंग मिल्क का इस्तेमाल करना चाहिए। यह त्वचा को डीप क्लीन करने के साथ-साथ रूखेपन से भी दूर करता है। स्किन पर एजिंग दिखने का एक मुख्य कारण ओपन पोर्स होते हैं। इन पोर्स को कम करने के लिए क्लीजिंग के बाद टोनिंग करना बेहद आवश्यक है। ध्यान रहे कि आपका टोनर एल्कोहल युक्त न हो बल्कि उसमें लाइकोपीन हो। साथ ही चेहरे की नमी को बनाए रखने के लिए मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं। चेहरे की केयर करना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी है उसकी प्रोटेक्शन। सूर्य की हानिकारक किरणें न केवल त्वचा को झुलसा देती हैं, बल्कि इनके कारण झुर्रियां, ब्राउन स्पॉट्स आदि एजिंग की निशानियां दिखाई देने लगती हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन अवश्य लगाएं।

### न हो अधिक

अक्सर महिलाएं सोचती हैं कि यदि उन्हें अपने चेहरे की कमियों को छिपाना है तो इसके लिए बहुत अधिक मेकअप करना पड़ेगा। लेकिन वास्तव में उनकी यह सोच एकदम गलत है। बढ़ती उम्र में महिलाओं को हमेशा ही लेस इज मोर का फंडा अपनाना चाहिए। साथ ही मेकअप को थोपने की बजाय उसे चेहरे पर मिक्स करें ताकि वह आपकी स्किन का ही एक पार्ट लगे और आपका चेहरा बेढंगा न दिखाई दे।

### लाइट है बेस्ट

आपका मेकअप सिर्फ लेस ही होना आवश्यक नहीं है, बल्कि आपकी मेकअप किट में आपको लाइट कलर को एड कर देना शुरू कर देना चाहिए। अमूमन बढ़ती उम्र में बहुत अधिक ब्राइट कलर्स अच्छे नहीं लगते। वहीं लाइट कलर आपकी पर्सनैलिटी को एक एलीगेंट लुक देते हैं। ब्लशर से लेकर लिपस्टिक तक आप पीच, लाइट ब्राउन, पिंक, मॉव कलर आदि का चयन करें। अगर आपको रेड कलर पसंद है तो आप लिपस्टिक में ब्राइट रेड की जगह डीप रेड ही लगाएं। इसके अतिरिक्त उम्र के इस पड़ाव में होंठ थोड़े पतले लगने लगते हैं, इसलिए उनका उभार बनाए रखने के लिए व उन्हें थोड़ा मोटा दिखाने के लिए लिपग्लॉस लगाना बेहतर रहता है। इससे होंठों में भी एक चमक आ जाती है।

### ब्लश करेंगे चिक्स

जैसे आपका मेकअप आईस और लिप्स के मेकअप के बिना अधूरा ही रह जाता है, ठीक उसी प्रकार ब्लश के बिना भी आपका मेकअप पूरा नहीं होता। अक्सर हम मेकअप के दौरान ब्लश को नजरअंदाज ही कर देते हैं, लेकिन यदि आपके चेहरे पर बढ़ती उम्र के साइन नजर आते हैं तो ब्लश को नजरअंदाज करना आपकी बहुत बड़ी भूल साबित होगी। ब्राउन ब्लश आपके चेहरे को एक नई परिभाषा व आकार देने के लिए पर्याप्त है।

### नकली लैशेज का कमाल

समय के साथ हार्मोंस में बदलाव के कारण महिलाओं के लैशेज टूटने लगते हैं। आजकल मार्केट में नकली लैशेज आसानी से अवेलेबल हैं। इन्हें लगाने से आंखों को एक नया रूप मिलता हैं। इसलिए यदि आप किसी पार्टी के तैयार हो रही हैं तो नकली लैशेज का प्रयोग करना अच्छा रहता है।

### इन बातों का रखें ख्याल

खाना सिर्फ आपका पेट ही नहीं भरता बल्कि इसमें वह सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपके शरीर के विकास में कहीं न कहीं सहायक होते हैं। अगर आप चाहती हैं कि बढ़ती उम्र में भी आपके चेहरे की रौनक बनी रहे तो आप अपने खाने का भी खास ख्याल रखें। जहां तक बात एंटी-एजिंग फूड की है तो यह उम्र के बढ़ते असर को तो कम करते हैं ही, साथ ही शरीर की क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को ठीक कर शरीर के सभी क्रियाकलापों में सहायता करते हैं।

पानी शरीर के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। इसलिए दिन में कम से कम आठ से दस गिलास पानी अवश्य पीएं। इससे शरीर डिटॉक्सीफाई होने के साथ त्वचा भी नर्म बनी रहती है। साथ ही साथ ज्यादा मीठी चीजों का सेवन न करें।

एजिंग की समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी फिटनेस के प्रति भी जागरूक रहें। स्वस्थ बने रहने के लिए आप साइकिलिंग, जॉगिंग, जिमिंग, स्विमिंग आदि का सहारा ले सकती हैं। इसके अतिरिक्त अपने चेहरे के प्राकृतिक सौंदर्य और तंदुरूस्ती को बरकरार रखने के लिए योग भी एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। विशेषकर चेहरे के लिए किए गए फेस योग से उम्र का असर धीमा हो जाता है।



# बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास



बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास से मतलब है उन्हे अच्छे संस्कार देना और अपनी संस्कृति से रूबरू करवाना जिससे वे अपने साथ-साथ पूरे समाज को सही रास्ते पर ले जा सके। बच्चे हमारी परंपराओं के खेवनहार और देश का भविष्य होते हैं पर बच्चे में नैतिक मूल्यों की कमी उनके चरित्र को तबाह कर देती है और वे छोटी उम्र में ही चोरी, बेइमानी और झूठ-धोखा करने लगते हैं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसे बच्चे बड़े होने पर देश और समाज का क्या भला करेंगे?

### नैतिक मूल्यों की जरूरत

कोई बच्चा पढ़ाई-लिखाई में कितना भी होशियार हो पर यदि उसमें नैतिक शिक्षा का अभाव है तो सब बेकार है। नैतिकता हमारी शख्सियत को निखारने की पहली सीढ़ी है। नैतिकता ही वह खूबी है जो हमारे सामाजिक होने की पहचान कराती है और जीवन को बेहतर ढंग से जीना सिखाती है।बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी देना इसलिए जरूरी है ताकि वे अच्छे-बुरे, सही-गलत का फर्क समझ सकें और जान सकें कि क्या करने से समाज में आदर, सराहना और प्यार मिलता है और क्या करने से नहीं।

### नैतिक मूल्यों की जानकारी देने के लिए क्या करें

बच्चे को नैतिक मूल्यों की जानकारी सबसे पहले परिवार में मिलती है। सबसे पहले मां-बाप ही बच्चों में नैतिक मूल्यों के बीज रोपते हैं। परिवार में ही बच्चा संस्कार, नैतिकता और शिष्टाचार की जानकारी पाता है जिससे वह जान सके कि समाज में बड़ों के साथ, अपने मित्रों के साथ और अन्य लोगों के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए।

### घर का माहौल

जैसा ऊपर बताया गया है कि बच्चे का पहला स्कूल उसका घर होता है, तो सबसे पहले घर का माहौल स्नेहशील होना चाहिए। घर का माहौल खुशनुमा होना, घर में बड़ों को आदर होना, बोल-चाल में सभ्यता और सौम्यता, एक-दूसरे के प्रति लगाव जैसी बातों से बच्चे प्रेरित होते हैं और इन बातों को बड़ी जल्दी सीखते हैं।

### दोस्ती-यारी का असर

जब बच्चे एक-दूसरे के साथ खेलते हैं तो यह उनमें समाजीकरण की अहसास पैदा करता है। उसके समूह में बच्चे के कुछ गलत किए जाने पर उसे एसा न करने के लिए समझाना या कुछ अच्छा करने पर उसकी प्रसंसा करना उसके आचरण और बर्ताव पर असर करता है पर बच्चों की संगत पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। बच्चा जिसके सम्पर्क में आता है, उसी का अनुसरण करता हैं। यह बात घर के बाहर भी लागू होती है। बच्चे घर से ज्यादा अपने यार-दोस्तों की संगत में सीखते हैं। अगर उसके साथियों में झूठ बोलना, चोरी करना जैसी आदतें है तो बच्चा बड़ी जल्दी उसका शिकार बनेगा।


### मनोरंजन गतिविधि

बच्चों को नैतिक मूल्यों की जानकारी के लिए मौज-मस्ती और मनोरंजन का किरदार भी अहम् है। अच्छी फिल्में, टीवी प्रोग्राम, कॉमिक्स, कहानियां बच्चों के लिए स्वस्थ्य मनोरंजन का साधन होने के साथ-साथ उनके कोमल मतिष्क पर बड़ी जल्दी असर करती हैं।

माता-पिता को कोशिश करनी चाहिए कि वह बच्चों को बचपन से ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना शुरू करें। नैतिक मूल्यों की जानकारी बच्चों को सभ्य, चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार बनाती है।

# अगर बाथरूम में रख रहे हैं टूथब्रश तो हो जाएं सावधान

आपने बचपन से सुना होगा कि दांतों की बेहतर सफाई के लिए दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। जब आप आराम से दिन में दो बार ब्रश करते हैं तो इससे आपको कैविटी आदि होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्वस्थ और मजबूत दांतों के लिए सिर्फ सही तरह से ब्रश करना ही काफी नहीं होता, बल्कि दांतों में इस्तेमाल किए जाने वाले टूथब्रश की यदि सही तरह से देख-रेख न की जाए तो आपके मुंह में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। तो चलिए जानते हैं कि टूथब्रश रखने का सही तरीका क्या हो–



### बदलते रहें समय-समय पर

अमूमन लोग अपने ब्रश को तब तक इस्तेमाल करते हैं, जब तक उसके ब्रिसल खराब नहीं हो जाते लेकिन वास्तव में आपको हर तीन माह में अपने ब्रश को बदल लेना चाहिए। साथ ही अगर आप किसी बीमारी को हराकर उठे हैं तो भी आपको अपना ब्रश बदल लेना चाहिए ताकि वह बीमारी दोबारा आपको प्रभावित न कर सके।

### न रखें बाथरूम में

वैसे तो लोग बाथरूम में ही टूथब्रश को रखते हैं लेकिन वास्तव में इन्हें बाथरूम में रखना उचित नहीं माना जाता। दरअसल, आजकल टायलेट अटैच बाथरूम का चलन है। ऐसे में अगर आपका टूथब्रश कमोड के पास होता है तो बहुत से सूक्ष्म जीवाणु आपके ब्रश पर आ जाते हैं और फिर यह आपके मुंह से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसलिए जहां तक हो, इसे बाथरूम में रखने से बचें। अगर आप इसे बाथरूम में रख रहे हैं तो कमोड से इसकी दूरी कम से कम दो फीट तो होनी ही चाहिए।

### ऐसे रखें टूथब्रश

टूथब्रश को टूथब्रश स्टैंड में रखने का भी एक तरीका होता है। सबसे पहले तो आप हमेशा ही टूथब्रश को खड़ा करके रखें, ताकि इसमें मौजूद पानी निकल जाए और नमी के कारण आपके ब्रश में बैक्टीरिया न पनपें। इसके अतिरिक्त आप इस बात भी ध्यान रखें कि आपका टूथब्रश घर के अन्य सदस्यों के ब्रश से न टकराए। इससे एक टूथब्रश के बैक्टीरिया आसानी से दूसरे टूथब्रश में चले जाते हैं। वहीं आप कभी भी ब्रिसल को ढक कर रखने के लिए मिलने वाले बॉक्स में रखें। इससे आपके ब्रश में नमी रह जाती है और बैक्टीरिया पनपने लग जाते हैं।

### जरूर करें सफाई

जिस तरह आप अपने दांतों की सफाई के लिए ब्रश का इस्तेमाल करते हैं। ठीक उसी तरह इस्तेमाल के बाद ब्रश की सफाई करना न भूलें। इसके लिए आप पानी को उबाल कर उसमें तीन-चार मिनट के लिए ब्रश को डालें। इससे ब्रश में मौजूद सभी बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे।

# जानिए शरीर में फाइबर की कमी के क्या हैं संकेत




आपके शरीर की कार्यप्रणाली के सही तरह से संचालन के लिए जिस प्रकार आपको प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार फाइबर भी बेहद आवश्यक होता है। आमतौर पर लोग इस ओर ध्यान नहीं देते। दरअसल, फाइबर एक अपचनीय कार्बोहाइड्रेट है जो आपके शरीर को ठीक से काम करने में मदद करता है। अगर आपके शरीर में पर्याप्त मात्रा में फाइबर नहीं होता तो इससे आपको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**बढ़ता वजन :** जो लोग अपनी बॉडी और लुक को लेकर कॉन्शियस रहते हैं, उन्हें तो विशेष रूप से फाइबर की उच्च मात्रा अपने आहार में रखनी चाहिए। दरअसल, फाइबर के कारण आपको हमेशा पेट भरे होने का अहसास होता है और आप अतिरिक्त कैलोरी का सेवन करने से बच जाते हैं। इसलिए अगर अत्यधिक कैलोरी के सेवन से आपका वजन लगातार बढ़ रहा है तो यह संकेत है कि आपके शरीर में फाइबर की कमी हो गई है।

**कब्ज की शिकायत :** फाइबर आपके पाचन तंत्र पर व्यापक प्रभाव डालता है। अगर आपके शरीर में फाइबर की कमी हो जाती है तो इससे आपको न सिर्फ मलत्याग में परेशानी होती है, बल्कि कब्ज होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

**बढ़ता कोलेस्ट्रोल :** अगर आपके शरीर में कोलेस्ट्रोल का स्तर उच्च रहता है तो यह संकेत हैं कि आप अपने आहार में पर्याप्त मात्रा में फाइबर नहीं ले रहे हैं। दरअसल, फाइबर ट्राइग्लिसराइड्स कम करने में मदद करता है और साथ ही यह गुड कोलेस्ट्रोल के स्तर को भी बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त उच्च-फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ आपको ब्लड प्रेशर व हृदय संबंधी अन्य समस्याओं से भी राहत दिलाते हैं।

**सुस्ती का अहसास :** अक्सर जब आप हैवी भोजन करते हैं तो आपको सुस्ती का अहसास होता है। लेकिन अगर आपको हमेशा ही भोजन के बाद नींद आने का अहसास होता है और आप नैप लेते हैं तो यह भी फाइबर की कमी का संकेत है। दरअसल, फाइबर आपके रक्त में शर्करा के स्तर को स्थिर बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है और जब यह अस्थिर होता है तो आपको हमेशा ही सुस्ती का अहसास होता है।

**बार-बार भूख लगना :** जैसा कि हम आपको बता चुके हैं कि फाइबर को पचाने में शरीर को समय लगता है। जिससे आपको काफी समय तक पेट भरे होने का अहसास होता है। लेकिन अगर आपको भोजन करने के कुछ देर बाद ही भूख का अहसास हो रहा है तो यह संकेत है कि आपके आहार में फाइबर की कमी है और अब आपको फाइबर युक्त भोजन करने की आवश्यकता है।

# स्फूर्तिदायक मॉकटेल

## गर्मियों को मात देने वाले पेय पदार्थ

तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी होने लगी है, लेकिन गर्मी दूर करने के लिए आपको हमेशा 208 कैलोरी वाली ठंडी बीयर की आवश्यक नहीं हैं। न ही जब आप बाहर से आकर घर में प्रवेश करें, तो अधिक बर्फ के साथ एक गिलास ठंडा पेय पीने की जरूरत है। इन गर्मियों में, एक स्वस्थ जीवनशैली का चयन करें और नीचे दिये गए इन मॉकटेल को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। पूरे दिन लंबे समय तक काम करने के बाद, आप इनमें से किसी भी शराब-रहित शीतल पेय को चुन सकते हैं। अपने फलों के मिश्रण को तैयार करें और इन पेय पदार्थों को बनाना सीखें :




### ब्लड औरेंज एंड जिंजर सोडा

क्या आपको अपने पेय को एक चटपटे तरीके से बनाना पसंद हैं। तो कुछ नारंगी रंग के संतरे को कुचल (स्क्वैश) लें और उसमें थोड़ी सी अदरक डालें। (जिंजर सोडा तैयार करना कठिन नहीं हैं, पानी में चीनी और अदरक एक साथ डालकर उबालें और इसे छान लें, इस पानी में सोडा डालें और उसके बाद आपका जिंजर सोडा तैयार है)। पेय को और अधिक ताजा बनाने के लिए कुछ पुदीने की पत्तियों को साथ में डाल सकते हैं। शीघ्र और कम से कम समय में बहुत ही कम सामग्री के साथ बने इस पेय को आप अपने पसंदीदा पेय में से एक बना सकते हैं। आपको इसके लिए केवल ताजे संतरों की जरूरत है और ये आपकी सेहत के लिए एक बेहतर पेय हैं।

### वाटरमेलन-लाइम सोडा

गर्मियों में जब प्यास बुझाने और अपने दिमाग को ठंडा करने की बात आती है तो पानी से भरपूर तरबूज से बेहतर कुछ भी नहीं है। एक जार में तरबूज के टुकड़ों का मिश्रण तैयार करें और बीजों को निकालने के लिए एक छन्नी का उपयोग करें (यदि आप इसे थोड़ हल्का बनाना चाहते हैं, तो इसकी गूदा तैयार करें)। इसके बाद, अपने स्वाद के अनुसार, स्वादयुक्त (फ्लेवरड) सोडा डालें। यदि आपके पास चीनी का मिश्रण तैयार है, तो आप इसे भी डाल सकते हैं। अंत में नींबू का रस डालें जो इसके स्वाद को और बढ़ा देगा।

### कुकुम्बर मोजीतो

खीरा शरीर को ठंडा रखता है, आपने पहले भी सुना होगा। गुणों से भरपूर खीरे को राहत और शीतलता प्रदान करने के लिए जाना जाता है, इतना ही नहीं लोग खुद को तरोताजा रखने के लिए खीरे के टुकड़ों का इस्तेमाल अपनी आंखों पर करते हैं। आप शराब-रहित ताजा कुकुम्बर मोजीतो भी तैयार कर सकते हैं। खीरे के रस में नींबू का रस और पुदीने की पत्तियों डालें। इन पत्तियों को सबसे ऊपर रखें। पर्यावरण की तरह हरा-भरा अपना पेय तैयार करें।

### मैंगो लस्सी

आपकी गर्मियां तब तक समाप्त नहीं होती हैं जब तक आप एक स्वादिष्ट लस्सी का आनंद नहीं लेते हैं। यहाडु इसी प्रकार के ऐसे ही पेय पदार्थ के बारे में बता रही हूँ, जिसका स्वाद आपने अभी तक नहीं लिया होगा। आम, दही, पानी और चीनी (या चाशनी) को एक साथ मिलाएं। इसका स्वाद बहुत ही स्वादिष्ट होगा। यदि आपको नमकीन पेय पसंद करते हैं, तो आप इसमें चीनी के बजाय केले और थोड़ा सा नमक डाल सकते हैं। जब आप गर्म और मसालेदार भोजन कर रहे हों, तो यह पेय आपको एक अच्छा स्वाद प्रदान करेगा।

### वाइल्डकैट कूलर

ऐसा कौन है जो ब्लूबेरी पसंद नहीं करता होगा? थोड़े पानी में चीनी और ब्लूबेरी एक साथ उबालकर शरबत बनाएं। सबसे पहले, आपको इस पेय में स्वाद लाने के लिए एक गिलास में नींबू का रस डालना होगा और फिर उसमें 1 या 2 औंस (लगभग 50 ग्राम) ब्लूबेरी शरबत डालें। इसके बाद, गिलास को पानी से भर दें। बर्फ और पुदीने की पत्तियों को इसके ऊपर रखें और आपका वाइल्डकैट कूलर पेय तैयार है।

यदि आपके बच्चे सॉफ्ट ड्रिंक के आदी हैं, तो ये पेय पदार्थ स्वस्थ विकल्प के रूप में कार्य करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि बच्चे ठंडक प्रदान करने वाले इस स्वादिष्ट पेय को पीना पसंद करेंगे और बाजार में उपलब्ध अन्य स्वाद वाले पेय को पीने से बचेंगे। अपने रसोईघर में थोड़े नए पेय पदार्थ बनाये और बिल्कुल भी हैरान न हों, जब आपके दोस्त अगले दोपहर के भोजन पर आपकी प्रशंसा करें।

# सेहत का रखवाला प्याज


डॉ. रजनी पोरवाल
श्रीनाथ चिकित्सालय की कंसलटेंट नेचुरोपैथ

**कानपुर (एसएनबी)।** प्याज किचन की शान है। इसके औषधीय गुण अद्भुत हैं, बहुत लाभदायक है। प्याज के गुणों और उसके उपयोग के बारे में श्रीनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय भगवतदास घाट सिविल लाइंस कानपुर की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजनी पोरवाल ने बहुत ही सरल शब्दों में जानकारी दी है।

### आयुर्वेदिक दृष्टि से प्याज

आयुर्वेद के विद्वानों के अनुसार प्याज आंशिक रूप से गर्म और कफ निष्कासक होता है। यह जनन तंत्र को उत्तेजित करने वाला, मूत्र मार्ग को बल देने वाला और पाचक ग्रंथियों, लिवर, पेनक्रियाज के पुराने से पुराने विकारों को समूल नष्ट करता है। यह हृदय को शक्तिशाली बनाने में भी अद्वितीय हितकारी है। प्याज इम्यूनिटी को बढ़ाकर शरीर की रक्षा प्रणाली को सशक्त और मजबूत बनाने में भी मददगार है।

### वैज्ञानिक दृष्टि से प्याज

प्याज में लगभग 85s प्रोटीन 12s कार्बोहाइड्रेट विटामिन ए, बी, सी, कैलशियम, फास्फोरस, आयरन और अन्य खनिज तत्व पाए जाते हैं। इसमें एलील सल्फाइड नाम का एक तत्व भी रहता है, जो सेहत के लिए बहुत हितकारी है। प्याज की खुशबू भी इसी रासायनिक तत्व की देन है।

### हृदय को बल देता है

कच्चा प्याज जब भोजन के साथ सेवन किया जाता है तो यह हृदय की कोशिकाओं को शक्ति प्रदान करता है। इसलिए भोजन के साथ कच्चे प्याज का सलाद के रूप में सेवन हितकारी होता है लेकिन यदि हरा प्याज जिसे सागा भी बोलते हैं, को सलाद के रूप में कच्चा खाया जाता है तो यह सामान्य प्याज की तुलना में हृदय की सेहत के लिए ज्यादा लाभकारी होता है और बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल पर काबू करके हृदय को सशक्त बनाता है।



### नस नाड़ियों को बलशाली बनाता है

प्याज शरीर की तंत्रिका तंत्र को सशक्त और मजबूत बनाता है, उसकी कार्य क्षमता को बढ़ाता है। साथ ही साथ यह मांसपेशियों को भी बल प्रदान करने वाला है। जब किसी अंग में चोट या मोच आ जाती है तो घर में दादी मां प्याज और हल्दी को पीसकर गर्म-गर्म चोट पर बांध देती हैं और कहते हैं कि यह चोट को खींच लेगा। वास्तव में जब प्याज और हल्दी को पीसकर चोट और मोच वाले स्थान पर लगाया जाता है तो यह क्षतिग्रस्त तंत्रिका कोशिकाओं की रिपेयरिंग करता है और घायल अवस्था की मांसपेशियों की टूट-फूट को तेजी के साथ ठीक कर देता है।

**यह चेतावनी भी पढ़ें**

प्याज को कभी भी टमाटर, लहसुन, अदरक के साथ फ्राई करके नहीं खाना चाहिए, क्योंकि रिफाइंड ऑयल या किसी भी अन्य तेल में फ्राई करने से प्याज के औषधीय गुण समाप्त हो जाते हैं और फ्राइड प्याज हानिकारक रसायन में बदल जाता है, जो संपूर्ण पाचन प्रणाली, लिवर, पेनक्रियाज, गाल ब्लैडर और स्लीन को प्रभावित करता है। एसिडिटी, कड़वी डकारें आना, कोलाइटिस और आईबीएस के साथ-साथ गुस्सा, चिड़चिड़ापन और याददाश्त में कमी जैसी तकलीफें सामने आती हैं। यह भी ध्यान रखें कि कभी भी काफी समय पहले से कटा हुआ प्याज भी सेवन नहीं करना चाहिए।

### बलवीर्य और शक्तिवर्धक

शास्त्रों में प्याज को रसायन माना जाता है और ढलती उम्र में शरीर की वीर्य शक्ति बढ़ाता है। यह छोटी उम्र में स्वप्नदोष जैसी युवाओं की बहुत बड़ी समस्या के पूर्ण रूप से निदान में भी बहुत मददगार है। प्याज का रस 10 मिली असली शहद 10 मिली और चार से पांच बूंद गाय का देसी घी मिलाकर प्रातः खाली पेट सेवन करने से पुरुषत्व में वृद्धि होती है और युवाओं में होने वाली स्वप्नदोष की समस्या जड़ मूल से समाप्त हो जाती है।

### मसूड़ों की सेहत बढ़ाएं

मसूड़ों में प्याज का रस, कड़ुआ तेल, नमक और हल्दी मिलाकर मसूड़ों की मालिश करने से मसूड़े शक्तिशाली होते हैं। जिनके दांत कमजोर हैं, कीड़े लगे हैं या मसूड़ों की कमजोरी के कारण दांत हिल रहे हैं, सुबह-शाम इस प्रयोग को करने से बहुत लाभ होता है। जिन लोगों के मुंह के अंदर की म्यूकस मेंब्रेन में विभिन्न प्रकार की तकलीफ हैं, वह भी इस प्रयोग को करके लाभ उठा सकते हैं। पायरिया की यह अद्वितीय औषधि है। निरंतर 4 महीने सुबह-शाम यह प्रयोग करें पर यह जड़ से ठीक हो जाए इसे पूरे जीवन भी करने से कोई नुकसान नहीं है।

### बवासीर, पेट रोग और पेचिश

कच्चा बारीक कटा हुआ प्याज दही के साथ मिलाकर रायते की तरह खाने से बवासीर और अपच जैसी तकलीफें ठीक होती हैं। जिन्हें गर्मी के कारण या लू लगने के कारण पेचिश हो गई हो, वह 50 ग्राम प्याज के रस में मिश्री दो चम्मच मिलाकर दिन में तीन बार सेवन करें, एक ही दिन में फायदा हो जाएगा। ध्यान रखिएगा प्याज का रायता जब भी सेवन करें तो पूरी, पराठे, तली, मसालेदार चीजें, अचार, पापड़ इसके साथ ना खाएं और कम से कम 6 सप्ताह तक कड़ाई के साथ परहेज रखें।

# वैलेंटाइन डे को ऐसे याद किया सेलिब्रेटिज ने



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** वैलेंटाइन डे को प्यार का इजहार करने और अपने चाहने वालों के साथ सेलिब्रेट करने के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है। वैलेंटाइन डे पर कलाकारों ने बताया कि उनके लिए प्यार के क्या मायने है और वे इसे किस तरह मनाते हैं-



**दिशा परमार :** प्यार को हर दिन मनाया जाना चाहिए। वैलेंटाइन डे मेरे लिए खास है, क्योंकि शादी के बाद राहुल के साथ यह मेरा पहला वैलेंटाइन होगा। मैं उसे अपने जीवन-साथी के रूप में पाकर खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं, वो वाकई मेरा सबसे बड़ा उपहार है।



**विधि पंड्या :** ये दिन मनाते हुए और एक-दूसरे को खुशी देने के लिए छोटी-छोटी चीजें करते हुए देखकर बहुत अच्छा लगता है। मुझे नहीं लगता कि हमें अपने प्यार का इजहार करने के लिए खास दिन की जरूरत है लेकिन वैलेंटाइन डे का अपना खास आकर्षण है। वैलेंटाइन डे चाहने वालों के साथ दिन बिताने के बारे में है, यह कोई भी हो सकता है, आपका खास दोस्त या परिवार। यह मैं अपने भाई को समर्पित करूंगी, जिसके साथ मेरा खास बंधन है।



**विजयेंद्र कुमेरिया :** मैं इस दिन को लेकर कभी बहुत ज्यादा उत्सुक नहीं रहा, शादी से पहले और बाद में वैसा ही है। हमारे लिए हर दिन प्यार का दिन है। मेरे लिए रोमांस का मतलब है, किसी की परवाह करना और उससे प्यार करना, जो उन्हें बेहतर तरीके से समझे और हर स्थिति में उनके प्रति वफादार रहे। मैं अपनी पत्नी के लिए कुछ खास करते हुए ये दिन बिताना पसंद करता हूं। आज के दिन उनके साथ अच्छा डिनर करने और उन्हें उपहार देने की योजना है।



**इसमीत कोहली :** मुझे नहीं लगता कि मुझे प्यार को सेलिब्रेट करने और बात करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत है, फिर भी प्यार का जश्न मनाने की किसी भी वजह का स्वागत है। मैं सभी को शुभकामनाएं देती हूं, जो इसे मनाते हैं। जब हम बच्चे थे, तब मेरे पिता हमको वैलेंटाइन डे पर डिनर के लिए बाहर ले जाते थे। मेरे लिए आदर्श रिश्ता वो है, जहां आप अपने जीवनसाथी के सबसे अच्छे दोस्त बन सकते हैं, और अच्छा और बुरा दोनों समय गुजार सकते है।



**अदिति गुप्ता :** बहुत ही खास दिन है। दरअसल, यह सामान्य दिन है, जब आप बूढ़े हो जाते है तो इन दिनों का उतना मतलब नही रह जाता, जितना पहले हुआ करता था। असल में भावनाएं मायने रखती हैं, अपने चाहने वालों के साथ रहना चाहते है। डिनर के लिए जाते है। मैं डिनर का प्लान तो करता ही हूं! रिश्ते में प्यार, दोस्ती और सुकून होना चाहिए, यह आदर्श रिश्ता है। मेरी यादें है, मेरे बचपन का क्रश है।



**अभिषेक रावत :** मैं वैलेंटाइन्स डे के विचार में पूरी तरह से विश्वास करता हूं। यह वो दिन है जब उस इंसान से अपनी भावनाएं जाहिर कर सकते है, जिससे प्यार करते है। जिस इंसान के साथ आप अपनी जिंदगी बिताते है, उसके साथ सच्चा प्यार पाना सबसे अच्छा एहसास है। प्यार के बिना जिंदगी वैसी ही है जैसे नमक के बिना खाना!



**चांदनी शर्मा :** प्यार पवित्र भावना है। यह दिल की बात है। एक दूसरे को समझते हुए और एक दूसरे को सम्मान देते हुए प्यार को हर दिन मनाया जाना चाहिए। वैलेंटाइन्स डे पूरी दुनिया में सच्चे प्यार की भावना जगाता है। इसको खास बनाने के लिए लोगों को अपने चाहने वालों के लिए प्यारी चीजें करते हुए देखकर अच्छा लगता है।

# सिंघम 3 में काम करेंगे अजय देवगन!

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म में नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक गेम के सवालों का जवाब देते हुए संकेत दिया है कि वह जल्द ही सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस वीडियो में अजय देवगन से कई सवाल किए जा रहे हैं। गेम की शुरुआत में अजय देगवन से पूछा जाता है कि वह सुपरहीरो या सुपर विलेन का किरदार निभाने पसंद करेंगे, जिस पर अजय कहते हैं कि वह सुपर विलेन का किरदार निभाना पसंद करेंगे। इसके बाद



अजय से पूछा जाता है कि वह क्या आप किसी फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे या सीक्वल पर काम करना चाहेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए अजय देवगन कहते हैं कि वह सीक्वल पर काम करने चाहेंगे। जिसके बाद वीडियो में सिंघम का टाइटल सॉन्ग सुनाई देता है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर आने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अजय देवगन जल्द ही सिंघम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म में नजर आ सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2011 में प्रदर्शित सिंघम फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम में अजय देवगन ने एक पुलिस अधिकारी बाजीराव सिंघम का मुख्य किरदार निभाया था। वहीं, वर्ष 2014 में सिंघम की सीक्वल सिंघम रिटर्न्स रिलीज हुई थी।



# सलमान ने लता की याद में 'लग जा गले' गाना गाया

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने लता मंगेशकर की याद में 'लग जा गले' गाना गाया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उनके प्रशंसक उनकी यादों को ताजा करने के लिए सोशल मीडिया पर उनसे जुड़ी पोस्ट शेयर कर रहे हैं। सलमान खान ने लता मंगेशकर को याद किया है। सलमान खान ने उनका गाना गाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह लता मंगेशकर का गाना लग जा गले गाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ सलमान खान ने लिखा है,लता जी ना तो कोई आपके जैसा था और ना ही कभी कोई होगा। इससे पहले सलमान खान ने लता मंगेशकर के निधन वाले दिन अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने लता मंगेशकर के साथ की अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की थी।



# जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन

**नई दिल्ली।** ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन ,जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन...। अचानक कोई अजनबी आपके जीवन मे आता है, जिसे देख कर दिल के तार झंकृत होने लगते है, मन उसके तसव्वुर में डूब जाता है, दिल कहता है, यही तो है वो, जिसकी तुम्हें तलाश थी। जी हां, फरवरी का महीना फिजा में प्यार की खुशबू बदलते मौसम का आगमन हवा भी सुना रही है। इश्क की दास्तां आज प्यार करने वालों के लिए खास दिन है। कहीं फूल तुम्हें भेजा है खत में, फूल नही मेरा दिल है...प्यार के इजहार के यह गीत गुनगुनाया जा रहा होगा तो कहीं मोबाइल फोन के जरीय कई तरह से कपल्स अपने जज्बातों को अपने-अपने अंदाज में बयां करेंगे।

**प्यार के लिए इन बातों का रखें ख्याल**

- दूसरों के लिए खुद को ना बदलें
- कम से कम अपेक्षा रखें
- रिश्तों को समय दें
- अपनाएं दूसरों की खुबियां
- दूसरे में खुद को ना खोजें
- दोस्त बनें
- अपनी बातें शेयर करें
- एक दूसरे की भावनाओं का कद्र करें
- एक दूसरे के चेहरे के भाव से समक्षने की कोशिश करें
- एक दूसरे के लिए सरप्राइज देने का काम करें
- तारीफ करें, बताएं वो आपके लिए कितना स्पेशल है

## कहां कैसे मनाया जाता है यह दिन

पूरी दुनिया मे 14 फरवरी को मनाया जाने वाला प्यार के इजहार का यह दिन विभिन्न देशों में अलग-अलग तरह से और अलग-अलग विश्वास के साथ मनाया जाता है। पश्चिमी देशों में तो इस दिन की रौनक अपने शबाब पर ही होती है, मगर पूर्वी देशों में भी इस दिन को मनाने का अपना-अपना अंदाज होता है। चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' रूप में प्यार में डूबे दिलों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते रहते हैं और एक-दूसरे को तोहफे व फूल देकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते है।



पाश्चात्य संस्कृति से जुड़े दुनिया के देशों में पारंपरिक रूप से इस पर्व को मनाने के लिए 'वेलेंटाइन-डे' नाम से प्रेम-पत्रों का आदान-प्रदान किया जाता है। साथ में दिल, क्यूपिड, फूलों आदि प्रेम के प्रतीक चिह्नों को उपहार स्वरूप देकर अपनी भावनाओं को भी प्रदर्शित किया जाता है। 19वीं सदी में अमेरिका ने इस दिन पर आधिकारिक तौर पर अवकाश घोषित तक कर दिया था। हर वर्ष लगभग एक बिलियन वैलेंटाइन एक दूसरे को कार्ड भेजते हैं, जो क्रिसमस के बाद दूसरे स्थान सबसे अधिक कार्ड के विक्रय वाला पर्व माना जाता है।

## क्या कहता है इतिहास

वैलेंटाइन डे मूल रूप से संत वैलेंटाइन के नाम पर मनाया जाता है। सेंट वैलेंटाइन के विषय में ऐतिहासिक तौर पर विभिन्न मत हैं। सन 1969 में कैथोलिक चर्च ने कुल ग्यारह सेंट वैलेंटाइन के होने की पुष्टि की है और 14 फरवरी को उनके सम्मान में पर्व मनाने की घोषणा की। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सेंट वैलेंटाइन रोम के सेंट वैलेंटाइन माने जाते हैं। सन 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में सेंट वैलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस का शासन था। उसके अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने आज्ञा जारी की कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। सेंट वैलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह करने शुरू किए। आखिर क्लॉडियस ने 14 फरवरी सन 269 को सेंट वैलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनके स्मृति दिवस को 'प्रेम दिवस' रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया था व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसके अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वैलेंटाइन'। यह दिन था 14 फरवरी का, जिसे बाद में इस संत के नाम से मनाया जाने लगा।

प्रस्तुति : लक्ष्मी भारती

# फंगल इन्फेक्शन से एड्स के अधिक मरीजों की मौत

**मैनचेस्टर (द कन्वरसेशन)।** दुनियाभर में एड्स के कारण होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या में कमी आई है। वर्ष 2004 में सर्वाधिक 19 लाख एड्स मरीजों की मौत हुई थी और 2020 में यह संख्या 6,90,000 रह गई। वर्ष 2020 में जिन एड्स मरीजों की मौत हुई, उनमें से 2,14,000 मरीजों की मौत क्षय रोग के कारण हुई, लेकिन इनमें से करीब 50 प्रतिशत मामलों की ही पुष्टि हुई है। एड्स मरीजों और अन्य मरीजों के संदर्भ में क्षय रोग की तुलना में फंगल इन्फेक्शन से अधिक लोगों की मौत हुई।

एचआईवी संक्रमण से निपटने के लिए अधिक से अधिक लोगों का उपचार किया जा रहा है, जिसके कारण मौत की संख्या कम हो रही है, लेकिन यह गिरावट जितनी होनी चाहिए, उससे बहुत कम है। इसका कारण कवक संक्रमण से हुई मौत हैं। कवक संक्रमण से होने वाली मौत से बचने के लिए एचआईवी संक्रमण का शुरुआती चरण में पता लगते ही उसका उपचार शुरू कर देना चाहिए, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि कई देशों में मरीजों में एचआईवी संक्रमण का देरी से पता लग पाना आम बात है। जो लोग हाल में एचआईवी से संक्रमित पाए गए हैं, उनमें से 30 प्रतिशत से 60 प्रतिशत पहले से ही एड्स से संक्रमित हो चुके थे और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो चुकी थी।

**फंगल मेनिंजाइटिस :** विशेष रूप से घातक एक कवक संक्रमण क्रिप्टोकोकल मेनिंजाइटिस है। यह कवक कबूतर की बीट में पाया जाता है। इससे सांस के जरिए संक्रमण फैलता है। आमतौर पर, व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता इसे नष्ट कर देती है, लेकिन एड्स के मरीजों में यह फेफड़ों और फिर रक्त के जरिए दिमाग में प्रवेश कर जाता है। इस फंगस के कारण मात्र तीन से चार सप्ताह में एड्स के मरीज की मौत हो सकती है। फंगल मेनिंजाइटिस के कारण हर साल 1,20,000 से अधिक लोगों की मौत होती है और इनमें से 70 प्रतिशत मरीजों की मौत को टाला नहीं जा सकता।

**क्षय रोग की तरह लगने वाला कवक**

अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में चमगादड़ तथा पक्षियों की बीट में हिस्टोप्लाज्मा नामक कवक पाया जाता है। यदि रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है तो यह संक्रमण अस्थि मज्जा, फेफड़ों, आंतों और त्वचा में फैल जाता है, जिससे दो से तीन सप्ताह में हिस्टोप्लाज्मा के मरीज की मौत हो जाती है। हर साल क्षय रोग के मरीजों की संख्या कम हो रही है और क्षय रोग के जीवित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

**फंगल निमोनिया :** एक अन्य विनाशकारी फंगल संक्रमण न्यूमोसिस्टिस निमोनिया या पीसीपी है, जो कुछ हद तक कोरोना निमोनिया की तरह है। इसमें खांसी, सांस लेने में तकलीफ और ऑक्सीजन की कमी की समस्या होती है। एचआईवी प्रकोप के शुरुआती दिनों में एड्स से संक्रमित पाए गए पांच में से करीब तीन मरीज पीसीपी से संक्रमित पाए गए। अब सात में से एक मरीज पीसीपी से संक्रमित पाया जाता है। न्यूमोसिस्टिस मनुष्य के फेफड़ों में अपने स्वरूप में बदलाव करता है। यह खांसी के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। एचआईवी से संक्रमित शिशुओं के पीसीपी से संक्रमित होने की आशंका अधिक होती है। वर्ष 2020 में एचआईवी/एड्स के कारण करीब एक लाख शिशुओं की मौत हुई, जिनमें से अधिकतर की मौत का कारण पीसीपी था।

# यहां महुआ से शराब नहीं, अब तिलकुट बनाया जाता है

**गया (आईएएनएस)।** बिहार का गया ऐसे तो मोक्षस्थली ओर ज्ञानस्थली के रूप में देश और विदेश में चर्चित हैं, लेकिन यह शहर तिलकुट के लिए भी कम प्रसिद्ध नहीं है। गया का तिलकुट देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मशहूर है। यह तिलकुट आम तौर पर तिल और गुड से बनाया जाता है लेकिन अब गया सहित बिहार के लोग महुआ फूल से बने तिलकुट का का भी स्वाद चख रहे हैं। गया जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर नक्सल प्रभावित बाराचट्टी प्रखंड के सोमिया गांव में कुछ महिलाएं महुआ से तिलकुट तैयार कर रही हैं। नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत जिला स्तर और पायलट प्रोजेक्ट के तहत गया के इन इलाकों में महुआ से तिलकुट बनाया जा रहा है। इस महुआ तिलकुट की खास बात यह है कि इसमें चीनी या गुड़ का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस तिलकुट को तैयार करने में केवल तिल और महुआ के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। इस परियोजना की शुरुआत करने वाले गया के तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) अभिषेक कुमार ने बताया कि जो महिलाएं इन जंगलों से महुआ चुनकर शराब निर्माण करने वाले लोगों से बेचा करती थीं आज उन्हें इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के बीच जाल का वितरण किया गया, जिससे पेड़ से महुआ जमीन पर नहीं गिर, इन जालों पर गिरे जिसे सुखाकर महुआ तिलकुट बनाने में लाया जाए। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस साल महुआ के फूलों से कई प्रकार की मिठाइयां भी बनाने की योजना बनाई गई है।

# गायत्री मंत्र की मदद से कैदियों को सही राह पर लाने का प्रयास

**महोबा (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिला उप कारागार में कैदियों को आपराधिक प्रवृत्ति का त्याग कर सही रास्ते पर लाने के लिए गायत्री मंत्र बॉक्स स्थापित कराये गए हैं।

कारागार अधीक्षक भोलानाथ मिश्रा ने रविवार को बताया कि हरिद्वार से संचालित आध्यात्मिक संस्था, अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के सहयोग एवं मार्गदर्शन में विभिन्न केंद्रीय एवं उप जेलों में मंत्र बॉक्स स्थापित किए जा रहे है इनके माध्यम से सुबह शाम प्रसारित होने वाले गायत्री मंत्र एवं भजन से कैदियों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा। इसी क्रम में उप जिला कारागार महोबा में विभिन्न स्थानों पर गायत्री मंत्र बॉक्स स्थापित किए गए।



मिश्रा ने बताया कि कैदियों को संस्था के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य वितरित कर उन्हें गायत्री मंत्र लेखन के लिये प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार की पहल से जेल का वातावरण शुद्ध, सात्विक एवं आध्यात्मिक बनेगा।

जेल अधीक्षक ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा इस मौके पर जेल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गायत्री परिवार की कंचन कंथरिया ने संसार में वैचारिक प्रदूषण से मानव जाति के लिए उत्पन्न हो रहे खतरे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोग दिमागी प्रदूषण के कारण आपराधिक प्रवृत्तियों को अपनाने लगे हैं। गायत्री मंत्र बौद्धिक प्रदूषण से मुक्ति दिलकार सही मार्ग पर लाता है।

# चारों खाने चित हो चुके हैं परिवारवादी, यूपी दस दिन पहले मनाएगा रंगों की होली : मोदी

कानपुर। प्रधानमंत्री ने कहा है कि गोवा में चुनाव लड़ रहे ममता बनर्जी की टीएमसी के नेता के इंटरव्यू में दिये जवाब का चुनाव को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिये और वहां के मतदाताओं को भी अपने वोटों से जवाब देना चाहिये जो बंटवारे की बात करते हैं। उन्होंने कहा है कि यूपी में चुनाव के दो चरणों से सामने आ रही चार बातों से घोर परिवारवादी चारों खाने अभी से चित हो गए हैं। यूपी लोग रंगों की होली दस दिन पहले ही मनाएंगे, दस मार्च को चुनाव नतीजे आते ही धूमधाम से रंगों की होली मनेगी। वह कानपुर देहात के शहबाजपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

कानपुर देहात के शहबाजपुर में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आपका ये प्यार निरंतर प्रेरित करता है कि आपके लिए दिन रात मेहनता करूं और खुद को खपाता रहूं। कानपुर और कानपुर देहात बिठूर की इस पावन धरती पर हमे गुरु परंपरा से लेकर आजादी तलक हर प्रकार का जीवन में एक ललक नजर आती है। हमारे साथ जालौन के लोग भी वर्चुअली जुड़े हैं, हाथ से बने रंग बिरंगे कागजों के लिए प्रसिद्ध जालौन की धरती को भी प्रणाम करता हूं। कहा, कानपुर देहात का एक और वजह से बहुत



आभारी हूं, कानपुर देहात ने अपने सपूत को देश के सर्वोच्च पद पर भेजा है। हमारे आदरणीय राष्ट्रपति से मिलने जाता हूं तो मुझसे कानपुर देहात जिले के जीवन के बारे में इतनी बातें बताते हैं। उनके दिल में यहां के लोगों के लिए जो प्यार वो उनकी बातों से आसानी से समझ में आता है। आज उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण और उत्तराखंड व गोवा में मतदान हो रहा है। मैं सभी मतदाताओं विशेषकर पहली बार वोट डालने जा रहे युवाओं से कहूंगा वोट जरूर करें ताकि आगे याद रहेगा कि कितनी छोटी उम्र में वोट डाला था।

उन्होंने कहा कि आज जब गोवा में चुनाव में हो रहा है तो देश के मतदाताओं के सामने खासकर गोवा के मतदाताओं के सामने एक बात से अवगत कराना चाहता हूं- मैंने कल गोवा के एक अखबार का इंटरव्यू देखा। चुनाव गोवा में चल रहा है और यहां ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के एक नेता पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनसे पूछा गया कि गोवा में आपकी पार्टी का वजूद तो है नहीं तो यहां चुनाव लड़ने क्यों आए हैं, उन्होंने जो जवाब दिया उसे देश के इलेक्शन कमीशन को गौर करने जैसा है, हिंदुस्तान के मतदाताओं को भी गौर करने जैसा है और यूपी के मतदाताओं को भी गौर करने जैसा है। बंगाल की टीएमसी पार्टी कहती है कि हमने तो उस पार्टी से इसलिए गठबंधन किया है कि हम गोवा में हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं। ये हिम्मत, क्या लोकतंत्र और सेक्युरिज्म है, ये खुलेआम कहें कि हम हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं, ये किसके वोट इकट्ठा करना चाहते हैं। ये भेदभाव और क्या ये भाषा लोकतंत्र की है। गोवा के मतदाताओं से कहना चाहता हूं कि ये मौका है इस प्रकार की राजनीति को दफना देने का। उन्होंने कहा कि यूपी के पहले चरण कीवोटिंग और दूसरा चरण का ट्रेंड आया है, इसमें चार बातें साफ कर दी है। इसमें पहली कि भाजपा की सरकार योगी जी की सरकार फिर से आ रही है, जोर शोर से आ रही है, गाजे बाजे के साथ आ रही है। दूसरा हर जाति, बिरादरी, वर्ग के लोग बिना बंटे, गांव और शहर बिना बंटे और बिना भ्रम में पड़े एक जुट होकर यूपी के तेज विकास के लिए वोटिंग करके पहले फेज में बीजेपी को बहुत आगे बढ़ा दिया और दूसरा फेज भी बढ़ रहा है।

# यूपीपीएससी से भर्ती परीक्षाओं की अंतिम उत्तर कुंजी मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) से भर्ती परीक्षाओं की अंतिम उत्तरकुंजी जारी करने की मांग प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति की ओर से काफी समय से की जा रही थी। उत्तरकुंजी जारी न होने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय ने बताया कि यूपी लोक सेवा आयोग को कई बार ज्ञापन देकर उत्तरकुंजी जारी करने की मांग की गई थी। जब आयोग की ओर से इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो न्यायालय की शरण लेना पड़ा।




**पीसीएस की तीन वर्षो की परीक्षाओं की उत्तर कुंजी जारी नहीं : अवनीश पांडेय**- प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय ने बताया कि समिति की ओर से सरकार और लोकसेवा आयोग द्वारा छात्रों के हितों की अनदेखी के बाद न्यायालय ही एक मात्र विकल्प है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2019, 2020, 2021 प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी नहीं की गई है। इस संबंध में प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी। समिति का पक्ष अनुज कुमार मिश्रा द्वारा रखा गया। आयोग के अधिवक्ता का कहना था कि इस संबंध में 24 अगस्त 2014 का आयोग का निर्णय एक नए प्रस्ताव से सुपरसीड कर दिया गया है। नए प्रस्ताव में उल्लेखनीय है कि प्रारम्भिक परीक्षा की संसोधित उत्तर कुंजी अंतिम परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात जारी किए जाने का निर्णय लिया गया है।

**प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने कहा** – अवनीश पांडेय ने बताया कि अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा समिति का पक्ष रखते हुए न्यायालय को यह बताए कि आयोग द्वारा पीसीएस 2019,2020 का अंतिम परिमाण भी जारी हो गया है किन्तु उत्तर कुंजी जारी नहीं किया गया है। बताया कि समिति के अधिवक्ता के बहस से संतुष्ट होकर आयोग को 10 दिन में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को सुनवाई होनी है ।

## बसपा ने जारी की एक और सूची, ओम प्रकाश राजभर के खिलाफ मैदान में शिवपाल सिंह यादव की करीबी शादाब फातिमा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को 47 प्रत्याशियों वाली एक सूची जारी की है। इसमें सातवें चरण के मतदान क्षेत्र वाले प्रत्याशी हैं। बहुजन समाज पार्टी ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के खिलाफ शिवपाल सिंह यादव की बेहद करीबी शादाब फातिमा को मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को जो सूची जारी की है उसमें सातवें चरण के प्रत्याशियों ने नाम हैं। 47 प्रत्याशियों की इस सूची में गाजीपुर, मऊ, चंदौली, वाराणसी, भदोही, मिजार्पुर, सोनभद्र, आजमगढ़ तथा जौनपुर के प्रत्याशी हैं। बहुजन समाज पार्टी ने ओम प्रकाश राजभर की बड़ी घेराबंदी की है। पार्टी ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुखिया शिवपाल सिंह यादव की खाास मानी जाने वाली पूर्व मंत्री शादाब फातिमा को गाजीपुर के जहूराबाद से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने यहां से कालीचरण राजभर को मैदान में उतारा है। शादाब फातिमा पहले समाजवादी पार्टी से विधायक थीं, जबकि कालीचरण राजभर बसपा ने विधायक थे। बसपा ने इससे पहले भी स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कुशीनगर के फाजिलनगर में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे इलियास अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। विधानसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए बसपा ने 47 प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इस चरण में कुल 54 विधानसभा सीटें हैं, सात सीटों पर अभी असमंजस बना है। पार्टी ने पूर्वांचल से चुनाव मैदान में उतरने वाले विभिन्न दलों के दिग्गजों के सामने मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं। 47 उम्मीदवारों की सूची में सबसे अधिक संख्या पिछड़ा वर्ग की है। बसपा ने चार यादवों के साथ ही सात ब्राह्मणों को भी टिकट दिया है।

# योगी ने हाथरस में कहा, भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी

हाथरस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा सीएम योगी ने कहा हाथरस में बिजली नहीं दी, अब फ्री बिजली की बात करते हैं। कानून व्यवस्था तब नहीं थी अब है। वे अब बात करते हैं। तब क्या किया। आज दूसरे चरण के मतदान का उत्साह अभी से लग रहा है कि भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। सीएम योगीी सोमवार को हाथरस की विधानससभा क्षेत्र सादाबाद में भाजपा प्रत्याशी रामवीर उपाध्याय के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा, दाऊजी महाराज की धरती कैसे बर्दाश्त करेगी जिनके कार्यकाल में कोसीकला का दंगा हुआ हो। जवाहर बाग की दुर्दांत घटना घटित हुई हो तो प्रदेश के कानून व्यवस्था के बारे में प्रश्न खड़ा करें तो मुझे लगता है कि उनको स्वयं को अपने कारनामों पर जनता को एक बार मजबूर करी देना चाहिए। वर्तमान में पूरी दुनिया कोरोना महामारी से त्रस्त है दुनिया में लाखों लोग मर गए प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जान है तो जहान है। इसमें न केवल जीवन को बचाने का



बल्कि जीविका को बचाने का मंत्र छुपा हुआ है। उन्होंने कहा जो लोग वैक्सीन के खिलाफ थे। दूसरों को मना कर रहे थे। जनता जनार्दन ने वैक्सीन ले कर उनको जवाब दे दिया है। मोदी वैक्सीन और भाजपा वैक्सीन न ही कोरोना महामारी से बचाया है।

भाजपा के प्रत्याशी के समर्थन में स्टार प्रचारक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह जनसंपर्क कर चुके हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तीन में से दो सीट जीतीं थी। इस बार भाजपा तीनों सीटों को जीतना चाहती है। इसके लिए हाईकमान इसके लिए चुनाव प्रचार पूरी ताकत झोंक रहा है। सोमवार को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कर रहे हैं।। हाथरस सदर सुरक्षित, सादाबाद व सिकंदराराऊ में हैलीपेड बनाए गए हैं। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी देर रात तक जुटे रहे। सुरक्षा को लेकर आसपास के जिलों से फोर्स भी मंगाया गया है। उनकी फ्लीट के लिए लग्जरी वाहनों का भी इंतजाम किया गया है।

## उन्नाव में दलित युवती की हत्या के बाद आहत परिवार ने बसपा मुखिया से भेंट की, मायावती ने दिया आश्वासन

लखनऊ। लखनऊ तथा कानपुर के बीच के शहर उन्नाव में एक और दलित युवती की नृशंस हत्या के बाद राजनीति गरम है। समाजवादी पार्टी के नेता के बेटे के नाम आने के बाद भाजपा तथा कांग्रेस के बाद अब बसपा भी मोर्चे पर है। उन्नाव के पीड़ित परिवार के रविवार रात लखनऊ आकर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती से भेंट की। बसपा मुखिया ने इस अवसर पर दुख जताने के साथ पीड़ित परिवार के साथ होने का आश्वासन किया। उन्नाव के दलित पीड़ित परिवार के माता पिता, छोटा भाई, छोटी बहन और दोनो मामा ने रविवार को रात बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मायावती से उनके लखनऊ के आवास पर मुलाकात की। मायावती ने उनके काफी देर तक बातचीत के बाद पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जानकारी ली। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष ने इस घटना पर बहुत दुख जताया और इस मामले को अति गंभीर बताया। उन्होंने इस परिवार को आश्वासन दिया कि इस दुख के क्षण में पूरी बहुजन समाज पार्टी उनके साथ है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो इसके लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। पीड़ित परिवार ने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती ने मिलकर उन्हें न्याय की उम्मीद जगी है और वो लोग उनको एक बार फिर से उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते है। उनको भरोसा है कि ऐसा होने पर किसी और दलित बेटी या किसी भी समाज की बेटी के साथ भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं होगी।

## साइबर ठगों ने अपनाया नया पैतरा, आयकर इंस्पेक्टर और मंदिर के पुरोहित को फंसाया

कानपुर। साइबर ठगों ने अब नया पैतरा अपनाना शुरू किया है। अबकी बार आयकर इंस्पेक्टर को शिकार बनाया तो मंदिर के एक पुजारी को फेसबुक पर दोस्ती गांठने के बाद फंसा लिया। वहीं एक युवती से भी नौकरी के नाम पर ठगी कर ली है। पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है। शंकराचार्य नगर निवासी शंभूदयाल तिवारी आयकर विभाग में इंस्पेक्टर हैं। उनके मुताबिक, गुरुवार को मोबाइल पर एक मैसेज आया था, जिसमें योनो एप को अपडेट करने के लिए पैन नंबर अपडेट करने को कहा गया। मैसेज में योनो एप का ङ्क्षलक भी भेजा गया था। ङ्क्षलक खोलते ही योनो एप का पेज खुल गया। उसमें डिटेल के लिए यूजर आइडी और पासवर्ड डाला। मोबाइल फोन हैंग हो गया और कुछ देर बाद खाते से 4.50 लाख रुपये कट गए। उन्होंने नौबस्ता थाने में आइटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अमित कुमार भड़ाना ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी समेत अन्य उलेमा ने डाला वोट, हिजाब पर कही ये बात

सहारनपुर। लोकतंत्र के महापर्व में उलेमा भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने भी अपने मत का प्रयोग किया और कहा कि हमने अमन और भाईचारे के लिए वोट किया है। सभी लोगों को देश की अमन शांति के लिए वोट करना चाहिए।

सोमवार को दूसरे चरण के मतदान के तहत जहां सुबह मतदान का समय शुरू होते ही जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी और दारुल उलूम के नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, अपरान्ह 3:00 बजे जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी एचएवी इंटर कॉलेज में बनाए गए पोलिंग बूथ पर पहुंचे और वोट डाला। मौलाना मदनी ने कहा कि हमने हमेशा अमन और भाईचारे का संदेश दिया है और उसी के लिए हमने अपने वोट का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि मुल्क में मोहब्बत और अमन शांति बाकी रहे




इसलिए हर आदमी को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। मीडियाकर्मियों द्वारा वर्तमान में चल रहे हिजाब मामले पर किए गए सवाल पर मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हिजाब सभी के लिए जरूरी है। जिसके अंदर जितनी शर्म और हया है उसके लिए उतना ही पर्दा जरूरी है। अगर शर्म-हया नहीं है तो पर्दा भी जरूरी नहीं। उन्होंने कहा कि पर्दा सभी के लिए जरूरी है और हमारे देश का ऐसा माहौल कि यहां की परंपरा और सभ्यता में पर्दा है। यह कोई धार्मिक मामला नहीं है। सभी कपड़े पहनते हैं और कपड़े पहनना ही हिजाब है।

## फेसबुक पर सपा के बैनर में लगाई प्रधानमंत्री की फोटो

मैनपुरी। कुरावली, किसी शरारती तत्व द्वारा सपा के बैनर पर प्रधानमंत्री का फोटो लगाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर डाल दिया। इस बात की जानकारी जब भाजपाइयों को हुई तो आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।फेसबुक पर ग्राम पंचायत रोसिंगपुर के नाम से एक ग्रुप चल रहा है। फेसबुक के इसी पेज पर नगला इमलिया निवासी एक युवक ने समाजवादी पार्टी के पोस्टर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोटो लगाकर वायरल कर दिया। जब इसकी जानकारी भाजपाइयों को हुई तो उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया, इसके बाद कंचन वर्मा, ऋषभ गुप्ता, पिंटू गुप्ता, श्यामवीर सिंह, देवेंद्र, संतोष राजपूत ने थाने में तहरीर दी। वहीं प्रधानमंत्री का फोटो वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## इस चुनाव के बाद कोई नहीं मांगेगा सपा बसपा व कांग्रेस का टिकट : राजू भइया

आगरा। सोमवार को एटा के सांसद राजवीर सिंह(राजू भइया) ने मैनपुरी जिले की भोगांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी- केबिनेट मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री के पक्ष में सजातीय मतदाताओं को साधा। किसी ने सोचा नहीं था कि इतनी बड़ी सफलता मिलेगी। अभी भी तमाम लोग नहीं सोच रहे हैं कि भाजपा को कितनी बड़ी सफलता मिलेगी। दावा किया कि इस बार भाजपा 323 पार होगी। सबका शब्द का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव के बाद कोई सपा, बसपा और कांग्रेस की टिकट लेने की नहीं सोचेगा, इतनी बड़ी सफलता मिलगी। भाजपा प्रत्याशी रामनारेश अग्निहोत्री के पक्ष




कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह नहीं रहे, लेकिन जिम्मेदारी छोड़ गए हैं, इसलिए गुमराह नहीं होना है। बीस फरवरी को कमल निशान का बटन दबाना है। कस्बा के नेशनल महाविद्यालय में आयोजित जनसभा में उमड़ी भीड़ से संवाद करते हुए राजवीर सिंह ने कहा कि 2017 के चुनाव में मतदाताओं को जोड़ते हुए उन्होंने सपा पर तंज कसा। कहा कि भ्रमित नहीं होना है, कमल पर आंख रखनी है। सपा और बसपा को जातिवादी बताते हुए कहने लगे भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास किया। पांच साल में इतना विकास हुआ, जितना 25 साल में नहीं किया गया।

## संजीत अपहरण-हत्याकांड : सीबीआइ को पूछताछ में प्रीति और चीता से मिले अहम जानकारियां



कानपुर। बर्रा के चर्चित संजीत अपहरण और हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआइ टीम ने रविवार को आरोपित चीता उर्फ टाइगर उर्फ राजेश और प्रीति से ढाई-ढाई घंटे अलग-अलग पूछताछ की। इस दौरान, प्रीति ने निर्दोष होने का दावा करते हुए कहा कि ज्ञानेंद्र ने अपने झूठे बयानों से उसे फंसाया है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक चीता के बयानों से सीबीआइ को मामले में कई अहम जानकारियां मिली हैं। सीबीआइ की चार सदस्यीय टीम ने रविवार को कानपुर देहात के अकबरपुर फतेहपुर रोशनाई गांव स्थित आरोपित चीता उर्फ टाइगर के घर पहुंचकर उसके स्वजन से पूछताछ की। गौरतलब है कि मुख्य हत्यारोपित रामजी शुक्ला के बयान के बाद सीबीआइ ने चीता को बुलाकर पूछताछ शुरू की है।

# 1 करोड़ की हिरोइन व सवा लाख कीमत की चरस बरामद, 3 तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे एक महिला फरार, स्कार्पियो बरामद

दोहरीघाट, मऊ। कस्बा के पुलिस बुथ के समीप मुखबिर की सूचना पर शनिवार को रात दो बजे के करीब वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक स्कार्पियो से एक किलो हेरोइन व एक किलो चरस समेत तीन तस्करो को धर दबोचा तथा उन्हे विभिन्न

**लखनऊ एसटीएफ व दोहरीघाट पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी**

धाराओ मे चालान कर दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ लखनऊ उप निरिक्षक संतोष कुमार सिंह, जावेद आलम, कवीन्द्र साहनी, मृत्युंजय सिंह, कमाण्डो रामगिरि एसटीएफ व मय हमराही पारसनाथ यादव सरजीत सिंह सौरभ सिंह अमित सिंह एकता शुक्ला गश्त पर आगामी विधान सभा चुनाव व मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत गश्त पर निकले थे तभी मुखबिर की सुचना पर पुलिस बूथ




दोहरीघाट के समीप शनिवार को रात दो बजे एक स्कार्पियो जिस पर ओम का झण्डा लगा हुआ था जो घोसी की तरफ से आ रही थी घेराबन्दी करके उक्त गाड़ी को रूकवाया गया तथा अन्दर बैठे तीन लोंगो को बाहर उतारा गया तथा गाड़ी की तलाशी ली गयी जिसमे से धर्मेन्द्र गोड़ पुत्र श्रीप्रकाश गोड़ निवासी चिल्लपार कस्बा बड़हलगंज के पास से पिठ्ठु बैग एक किलो 110 ग्राम हेरोइन व एक किलो 35 ग्राम चरस बरामद हुआ तथा उसके दो सहयोगी लालबिहारी उर्फ सिन्टु पुत्र राजू मोदनवाल निवासी नई हनुमान गढ़ी थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर घनश्याम माली पुत्र देवीलाल निवासी बोलिया थाना राजघाट जनपद मन्दसौर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया तथा इस गिरोह मे शामिल बन्दना पत्नी सुनील निवासी राजघाट थाना राजघाट जिला गोरखपुर जो फरार है। चारो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर महिला की गिरफ्तारी के लिये दविश दी जा रही है। ये गिरोह तस्कर बलिया से हेरोइन चरस लेकर गोरखपुर महिला को सप्लाई करते थे तथा स्कार्पियो गाड़ी पर ओम का झण्डा लगातार कर चलते थे जिससे कोई इन्हे रोक न सके।

# मधुबन में कमल छोड़ नाव पर सवार हुए भरत सिंह

दोहरीघाट, मऊ। मधुबन विधानसभा की राजनीति में रविवार दिन उथल पुथल भरा रहा। भाजपा के फायर ब्रांड नेता भरत भैया ने कमल को छोड़ कर नाव की सवारी कर ली। रविवार को कोयल मर्याद भवानी मंदिर पर दर्शन पूजन करने के बाद विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की सदस्यता ग्रहण किया। मंदिर परिसर में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्तोष साहनी ने सबसे पहले सदस्यता ग्रहण कराई, इसके बाद भरत भैया को मधुबन विधानसभा से प्रत्याशी घोषित करते हुए सिंबल भी प्रदान कर दिया। वीआईपी पार्टी में शामिल होने के बाद भरत भैया ने कहा कि इस दल की विचारधारा गरीबों मजलुमो शोषितों को सहारा देना है, जो मेरा भी राजनैतिक मिशन है। यह संजोग है कि वीआईपी पार्टी के नेतागण स्वयं चलकर मेरे लिये नाव चुनाव चिन्ह लाये है। मैं इस नाव की सवारी करके नौका विहार करते हुए इस क्षेत्र के विकास के लिए हर समय समर्पित रहूंगा। इस विधानसभा को अपनी जागिर



समझने वालों को खदेड़ने का काम लोकतांत्रिक तरीके से करूंगा और 10 मार्च को भाजपा सपा बसपा सबकी जमानतें जब्त कराने का काम करूंगा। कहा कि एक बार भगवान राम नाव पर सवार होकर लंका को जीतकर रावण को हराये थे। उसी तरह मैं नाव पर चढ़कर रावणी संस्कृति वाले जनप्रतिनिधियों को परास्त करके भाजपा सपा बसपा की जमानतें जब्त कराकर दिल्ली में बैठे नेताओं को बताऊंगा कि जो जनता के दिलो में राज करता है, वहीं विधानसभा और संसद में भी राज करता है। सभी की जमानतें जब्त कराते हुए मुकेश साहनी के नेतृत्व में बैरिया का झंडा बुलंद करूँगा। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद क्षेत्र के गांवो में घर घर जाकर लोगो से समर्थन भी मांगा। इस दौरान वीआईपी प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह अंकुर, आलोक राय, अजय यादव, शुभम सिंह, बबलु गुप्ता, रोमित सिंह, आलोक मल्ल सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी लिविंगस्टोन



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दो दिन तक चली आईपीएल 2022 की नीलामी रविवार को समाप्त हुई। नीलामी में कुल 204 खिलाड़ियों पर 10 फ्रेंचाइजियों ने 552.6 करोड़ रुपए खर्च बोली लगाई। लियाम लिविंगस्टोन इस साल की नीलामी में अब तक के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने। इस ऑक्शन में ईशान किशन 15.25 करोड़ रुपए के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। ईशान किशन के अलावा कई युवा खिलाड़ियों पर नोटों की बारिश हुई। चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स चार ऐसी टीमें रही जो पूरे 25 खिलाड़ी खरीदने में कामयाब रही।आईपीएल नीलामी का अंत ह्यू एडमीड्स ने ही किया, वह पहले दिन अचानक बेहोश हो गए थे जिसके बाद चारू शर्मा ने नीलामी का कार्यभार संभाला था।

आईपीएल 2022 में इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन की लॉटरी निकल पड़ी। उन्हें पंजाब किंग्स ने 11.50 करोड़ रुपए देकर खरीदा है। वहीं अगर टॉप 5 सबसे महंगे बिकने वाले 5 खिलाड़ियों की कुल रकम की बात करें तो वह 66.25 करोड़ रुपए रही। दूसरे दिन लियाम लिविंगस्टोन के अलावा टिम डेविड 8.25 करोड़, जोफ्रा आर्चर 8 करोड़, रोमारियो शेफर्ड 7.75 करोड़, ओडीन स्मिथ 6 करोड़, खलील अहमद 5.25 करोड़, मार्को यानसन 4.2 करोड़ , चेतन सकारिया 4.2 करोड़, शिवम दुबे 4 करोड़ को भी मोटी रकम मिली। आईपीएल नीलामी में लिविंगस्टोन का बेस प्राइज 1 करोड़ रुपये था। आईपीएल 2022 नीलामी के दूसरे दिन जब बोली शुरू हुई तो लिविंगस्टोन के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच युद्ध छिड़ गया। पंजाब किंग्स ने 4.2 करोड़ रुपए की बोली से शुरुआत की थी और फिर गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद को पीछे छोड़कर 11.50 करोड़ रुपए की जिताऊ बोली लगाई। पिछले साल उन्हें 75 लाख रुपए के बेस प्राइज पर राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था लिविंगस्टोन ने आईपीएल में कुल 9 मैच खेले हैं और 14.12 के औसत से 113 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 127 का रहा है। अब तक टूर्नमेंट में सिर्फ एक ओवर फेंकने वाले लिविंगस्टोन ने 13 रन दिए थे। लिविंग लिविंगस्टोन के नाम पर इंग्लैंड के लिए टी20 इंटरनेशनल्स में सबसे तेज शतक और अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 17 गेंद में 50 और 42 गेंद में शतक लगा जड़ा हैं। लिविंगस्टोन दायें हाथ के आक्रामक बल्लेबाज हैं मगर पंजाब किंग्स उनकी राइट-आर्म लेग ब्रेक गेंदबाजी का भी इस्तेमाल करना चाहेगी। लियाम लिविंगस्टोन ने 2015 में एक क्लब मैच में 138 गेंदों में 350 रन बना डाले थे। तब 21 साल के रहे लिविंगस्टोन ने उस पारी में 34 चौके और 27 छक्के लगाए थे।

## आईपीएल 2022 : पंजाब किंग्स ने 11.50 करोड़ रुपए में खरीदा

## शिवम दुबे को मिली दोहरी खुशी, पिता बनने के कुछ घंटे बाद चेन्नई ने 4 करोड़ में खरीदा

भारत के ऑलराउंडर शिवम दुबे के लिए रविवार का दिन दोहरी खुशी मिली। सुबह उनके घर नन्हे मेहमान का आगमन हुआ है तो वहीं कुछ घंटों बाद आईपीएल में उन पर नोटों की बारिश हुई है। आईपीएल नीलामी में मुंबई के इस खिलाड़ी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया है। आईपीएल 2022 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के अलावा पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने भी दुबे को अपनी टीम में शामिल करने में रूचि दिखाई थी। मगर सीएसके ने अंत में बाजी मारी। शिवम दुबे की यह आईपीएल में तीसरी टीम है, इससे पहले वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल चुके हैं। शिवम दुबे को सबसे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2019 में 5 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया था। दो साल आरसीबी से खेलने के बाद बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को 2021 में राजस्थान रॉयल्स ने 4.4 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।



### मप्र के अरशद खान को मुंबई ने खरीदा



मप्र के सिवनी जिले के ऑलराउंडर क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद अरशद खान को मुंबई इंडियन्स ने 20 लाख को बेस प्राइस में खरीदा। वहीं मप्र के कुलदीप सेन को राजस्थान रॉयल्स ने 20 लाख के बेस प्राइस में खरीदा। अरशद को मुकाम तक पहुंचने में पिता अशफाक खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरशद जब 8 साल के थे तब उनके पिता अशफाक खान क्रिकेट खिलाने साइकिल से ले जाते थे। 2012 में मध्यप्रदेश टीम का बने हिस्सा अरशद खान वर्ष 2012 में मध्य प्रदेश की अंडर 16 टीम का हिस्सा बने। इसके बाद 2015 में अंडर19 टीम में शामिल हुए।

### मुंबई ने जोफ्रा और टिम डेविड पर लगाया दांव



आईपीएल ऑक्शन के दूसरे दिन मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर के साथ मुंबई इंडियंस ने टिम डेविड पर मोटी रकम खर्च की। मुंबई इंडियंस यह जानती थी कि आर्चर इस साल आईपीएल नहीं खेलेंगे मगर फिर भी उन्होंने इस तेज गेंदबाज पर 8 करोड़ रुपए का निवेश किया। वहीं सिंगापुर के टिम डेविड को एमआई ने 8.25 करोड़ रुपए खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले भारतीय अंडर 19 वर्ल्ड कप के खिलाड़ियों पर धनवर्षा हुई। राज बावा दो करोड़ और हंगरगेकर को 1.50 करोड़ में क्रमशः पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी-अपनी टीम में शामिल किया। वहीं कप्तान यश धुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख में खरीदा। वहीं सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम में शामिल किया फ्रेंचाइजी ने 30 की बोली लगाते हुए अर्जुन को लगातार दूसरे सीजन में खरीदा।

### वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड को मिली 7.75 करोड़ की मोटी रकम



वेस्टइंडीज और गयाना अमेजन वॉरियर्स के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड को सनराइजर्स हैदराबाद ने 7.75 करोडल की मोटी रकम में खरीदा। ओडियन स्मिथ की तरह गेंद से कमाल कर सकते हैं और बल्ले से धमाल मचा सकते हैं। शेफर्ड वेस्टइंडीज के लिए 10 वनडे और 14 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टी20 क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने कुल 44 मैचों की 22 पारियों में 315 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट ही इतना खास है जिसकी वजह से उन्हें इतनी कीमत मिली है। उन्होंने 161.53 के स्ट्राइक रेट बनाए हैं। टी20 क्रिकेट में उनके नाम 53 विकेट भी हैं। हाल ही में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 28 गेंद पर 44 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। यहां वह नंबर सात पर बल्लेबाजी करने आए थे। इसके बाद ही उनके आईपीएल में बोली को लेकर कयास लगने शुरू हो गए थे।

## पंजाब किंग्स

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| शिखर धवन | 8.5 करोड़ |
| कगिसो रबाडा | 9.25 करोड़ |
| जॉनी बेयरस्टो | 6.75 करोड़ |
| राहुल चाहर | 5.25 करोड़ |
| शाहरुख खान | 9 करोड़ |
| प्रभसिमरन सिंह | 60 लाख |
| ईशान पेरोल | 25 लाख |
| लियाम लिविंगस्टन | 11.50 करोड़ |
| ओडियन स्मिथ | 6 करोड़ |
| संदीप शर्मा | 50 लाख |
| राज अंगद बावा | 2 करोड़ |
| ऋषि धवन | 55 लाख |
| प्रेरक मांकड़ | 20 लाख |
| वैभव अरोड़ा | 2 करोड़ |
| रितिक चटर्जी | 20 लाख, |
| बलटेज ढांडा, अंश पटेल | 20 लाख |
| नाथन इल्स | 75 लाख |
| आर्थव | 20 लाख |
| भानुका राजपक्षा | 50 लाख |
| हरप्रीत बरार | 3.80 करोड़ |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| मयंक अग्रवाल | 12 करोड़, |
| अर्शदीप सिंह | 4 करोड़, |

## हैदराबाद

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| वॉशिंगटन सुंदर | 8.75 करोड़ |
| निकोलस पूरन | 10.75 करोड़ |
| टी नटराजन | 4 करोड़ |
| भुवनेश्वर कुमार | 4.20 करोड़ |
| प्रियम गर्ग | 25 लाख |
| राहुल त्रिपाठी | 8.50 करोड़ |
| अभिषेक शर्मा | 6.50 करोड़ |
| कार्तिक त्यागी | 4 करोड़ |
| श्रेयस गोपाल | 75 लाख |
| जगदीश सुचित | 20 लाख |
| एडेन मार्करम | 2.60 करोड़ |
| मार्को जेसन | 4.20 करोड़ |
| रोमारियो शेफर्ड | 7.75 करोड़ |
| शॉन एवट | 2.40 करोड़ |
| आर समर्थ | 20 लाख |
| शशांक सिंह | 20 लाख |
| सौरभ दुबे | 20 लाख |
| विष्णु विनोद | 50 लाख |
| ग्लेन फिलिप्स | 1.50 करोड़ |
| फैजलहक फरुखी | 50 लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| केन विलियमसन | 14 करोड़ |
| अब्दुल समद | 4 करोड़ |
| उमरान मलिक | 4 करोड़ |

## बेंगलुरु

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| फाफ डु प्लेसिस | 7 करोड़ |
| हर्षल पटेल | 10.75 करोड़ |
| वानिंदु हसरंगा | 10.75 करोड़ |
| दिनेश कार्तिक | 5.50 करोड |
| जोश हेजलवुड | 7.75 करोड़ |
| शहबाज अहमद | 2.40 करोड़ |
| अनुज रावत | 4.80 करोड़ |
| आकाशदीप | 20 लाख |
| महिपाल लोमरोर | 95 लाख |
| फिन एलन | 80 लाख |
| शर्फेन फोर्डेन | 1 करोड़ |
| जेसन बेहरनडॉर्फ | 75 लाख |
| चामा मिलिंद | 25 लाख |
| अनिश्वर गौतम | 20 लाख |
| कर्ण शर्मा | 50 लाख |
| सिद्धार्थ कॉल | 75 लाख |
| लवनिथ सिसोदिया | 20 लाख |
| डेविड विले | 2 करोड़ |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | 15 करोड़ |
| ग्लेन मैक्सवेल | 11 करोड़ |
| मोहम्मद सिराज | 7 करोड़ |
| सुयशस प्रभु देसाई | 30 लाख |

## गुजरात

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| मोहम्मद शमी | 6.25 करोड़ |
| जेसन रॉय | 2 करोड़ |
| लॉकी फर्ग्यूसन | 10 करोड़ |
| अभिनव सदारंगनी | 2.60 करोड़ |
| राहुल तेवतिया | 9 करोड़ |
| आर साई किशोर | 3 करोड |
| नूर अहमद | 30 लाख |
| डॉमिनिक ड्रेक्स | 1.10 करोड़ |
| जयंत यादव | 1.70 करोड़ |
| विजय शंकर | 1.40 करोड़ |
| दर्शन नालखंडे | 20 लाख |
| यश दयाल | 3.20 करोड़ |
| अल्जारी जोसेफ | 2.40 करोड़ |
| प्रदीप सांगवान | 25 लाख |
| डेविड मिलर | 3 करोड़ |
| ऋद्धिमान साहा | 1.90 करोड़ |
| मैथ्यू वेड | 2.40 करोड़ |
| गुरकीरत सिंह | 50 लाख |
| वरून एरेन | 50 लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| हार्दिक पंड्या | 15 करोड़ |
| राशिद खान | 15 करोड़ |
| शुभमन गिल | 8 करोड़ |

## मुंबई इंडियंस

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| ईशान किशन | 15.25 करोड़ |
| डिवॉल्ड ब्रेविस | 3 करोड़ |
| बासिल थम्पी | 30 लाख |
| मुरुगन अश्विन | 1.40 करोड़ |
| जयदेव उनादकट | 1.20 करोड़ |
| मयंक मर्कंडे | 65 लाख |
| तिलक वर्मा | 1.70 करोड़ |
| संजय यादव | 50 लाख |
| जोफ्रा आर्चर | 8 करोड़ |
| डेनियल सैम्स | 2.60 करोड़ |
| टायलम मिल्स | 1.40 करोड़ |
| टिम डेविड | 8.25 करोड़ |
| राइली मेरिथ | 1 करोड़ |
| मोहम्मद अरशद | 20 लाख |
| अनमोलप्रीत सिंह | 20 लाख |
| रमनदीप सिंह | 20 लाख |
| अर्जुन तेंदुलकर | 30 लाख |
| फेबेन एलन | 75लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा | 16 करोड़ |
| जसप्रीत बुमराह | 12 करोड़ |
| सूर्य कुमार यादव | 8 करोड़ |
| कीरोन पोलार्ड | 6 करोड़ |

## चेन्नई सुपर

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| रॉबिन उथप्पा | 2 करोड़ |
| ड्वेन ब्रावो | 4.40 करोड़ |
| अंबाती रायडू | 5.75 करोड |
| दीपक चाहर | 14 करोड़ |
| केएम आसिफ | 20 लाख |
| तुषार देश पांडे | 20 लाख |
| शिवम दुबे | 4 करोड़ |
| महीष तीक्ष्णा | 70 लाख |
| राजवर्धन हंगरगेकर | 1.5 करोड़ |
| डेवोन कॉनवे | 1 करोड़ |
| ड्वेन प्रिटोरियरस | 50 लाख |
| सैंटरनर | 1.90 करोड़ |
| एडम मिल्ने | 1.90 करोड़ |
| शुभ्रांशु सेनापति | 20 लाख |
| मुकेश चौधरी | 20 लाख |
| प्रशांत सोलंकी | 1.20 करोड़ |
| सी हरि निशांत | 20 लाख |
| एन जगदीशन | 20 लाख |
| क्रिस जॉर्डन | 3.60 करोड़ |
| के भगत वर्मा | 20 लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| रविंद्र जडेजा | 16 करोड़ |
| एमएस धोनी | 12 करोड़ |
| मोईन अली | 8 करोड़ |
| ऋतुराज गायकवाड | 6 करोड़ |

## कोलकाता

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| पैट कमिंस | 7.25 करोड़ |
| श्रेयस अय्यर | 12.5 करोड़ |
| नीतीश राणा | 8.00 करोड़ |
| शिवम मावी | 7.25 करोड़ |
| अजिंक्य रहाणे | 1.0 करोड़ |
| रिंकू सिंह | 55 लाख |
| चामिका करुणारत्ने | 50 लाख |
| अभिजीत तोमर | 20 लाख |
| अनुकूल रॉय | 20 लाख |
| रसिक डार | 20 लाख |
| बाया इंद्रजीत | 20 लाख |
| प्रथम सिंह | 20 लाख |
| अशोक शर्मा | 55 लाख |
| एलेक्स हेल्स | 1.50 करोड़ |
| रमेश कुमार | 20 लाख |
| मोहम्मद नबी | 1 करोड़ |
| उमेश यादव | 2 करोड़ |
| अमन खान | 20 लाख |
| सैम विलिंग्स | 2 करोड़ |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| आंद्रे रसेल | 12 करोड़ |
| वरुण चक्रवर्ती | 8 करोड़ |
| वेंकटेश अय्यर | 8 करोड़ |
| सुनील नारायण | 6 करोड़ |

## दिल्ली

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 6.25 करोड़ |
| मिचेल मार्श | 6.50 करोड़ |
| शार्दूल ठाकुर | 10.75 करोड़ |
| मुस्तफिजुर रहमान | 2 करोड़ |
| कुलदीप यादव | 2 करोड़ |
| कमलेश नागरकोटी | 1.10 करोड़ |
| केएल भरत | 2 करोड़ |
| मंदीप सिंह | 1.10 करोड़ |
| सईद खलील अहमद | 5.25 करोड़ |
| चेतन साकरिया | 4.20 करोड़ |
| ललित यादव | 65 लाख |
| रिपल पटेल | 20 लाख |
| यश धुल | 50 लाख |
| रोवमन पॉवेल | 2.40 करोड़ |
| प्रवीण दुबे | 50 लाख |
| लुंगी एंगिडी | 50 लाख |
| टिम शेफर्ट | 50 लाख |
| विक्की ओस्तवाल | 20 लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| ऋषभ पंत | 16 करोड़ |
| अक्षर पटेल | 12 करोड़ |
| पृथ्वी शॉ | 8 करोड़ |
| एनरिच नोर्त्जे | 6 करोड़ |

## लखनऊ

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 6.75 करोड़ |
| मनीष पांडे | 4.60 करोड़ |
| जेसन होल्डर | 8.75 करोड़ |
| दीपक हुड्डा | 5.75 करोड़ |
| कुणाल पंड्या | 8.25 करोड़ |
| मार्क वुड | 7.50 करोड़ |
| आवेश खान | 10 करोड़ |
| अंकित राजपूत | 50 लाख |
| के गौतम | 90 लाख |
| दुष्मंता चमीरा | 2 करोड़ |
| शाहबाज नदीम | 50 लाख |
| मनन अरोड़ा | 20 लाख |
| मोहसिन खान | 20 लाख |
| आयुष विदोनी | 20 लाख |
| काइल मेयर्स | 50 लाख |
| करन शर्मा | 20 लाख |
| एविन लुइस | 2 करोड़ |
| मयंक यादव | 20 लाख |
| बी साई सुदर्शन | 20 लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| केएल राहुल | 17 करोड़ |
| मार्कस स्टोइनिस | 11 करोड़ |
| रवि बिश्नोई | 4 करोड़ |

## राजस्थान

ऑक्शन में अब तक खरीदे गए खिलाड़ीः

| खिलाड़ी | कितने में बिके |
|---|---|
| आर अश्विन | 5 करोड़ |
| ट्रेंट बोल्ट | 8 करोड़ |
| शिमरोन हेटमायर | 8.50 करोड़ |
| देवदत्त पडिकल | 7.75 करोड़ |
| प्रसिद्ध कृष्णा | 10 करोड़ |
| युजवेंद्र चहल | 6.50 करोड़ |
| रियान पराग | 3.80 करोड़ |
| केसी करियप्पा | 30 लाख |
| नवदीप सैनी | 2.60 करोड़ |
| ओवेद मकॉय | 75 लाख |
| अनुनय सिंह | 20 लाख |
| कुलदीप सेन | 20 लाख |
| करूण नायर | 1.10 करोड़ |
| ध्रुव जुरेल सिंह | 20 लाख |
| कुलदीप यादव | 20 लाख |
| शुभम गढ़वाल | 20 लाख |
| नाथन कूल्टर नेल्स | 2 करोड़ |
| रासी वान डर डुसेन | 1 करोड़ |
| डेरेल मिचेल | 75 लाख |

रिटेन प्लेयर

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन | 14 करोड़ |
| जोस बटलर | 10 करोड़ |
| यशस्वी जायसवाल | 4 करोड़ |

### दिग्गजों पर नहीं लगी बोली

ऑक्शन के दूसरे दिन कई दिग्गज नहीं बिके। ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप दिलाने जीताने वाले एरोन फिंच, इंग्लैंड के वनडे और टी-20 टीम के कप्तान ओएन मॉर्गन दोनों को कोई खरीदार नहीं मिला और वो अनसोल्ड रहे। सुरेश रैना भी नहीं बिके। चेतेश्वर पुजारा को भी कोई खरीदार नहीं मिला।

# राजधानी में पहली बार महिला ब्लाइंड खिलाड़ियों ने खेला क्रिकेट

### राजधानी में प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**भोपाल।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन मध्य प्रदेश द्वारा रविवार को महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय खेल मैदान पर हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर से चयनित 60 बालिकायें प्रशिक्षण ले रही हैं। इनमें से 14 बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किया जाएगा। आगामी 28 फरवरी से 5 मार्च तक यह टीम बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। सोनू गोलकर ने महिला ब्लाइंड क्रिकेट की कार्य योजना का



प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ राघवेंद्र शर्मा ने क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन मध्य प्रदेश द्वारा की जा रही है गतिविधियों का विवरण दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश ने कहा कि ब्लाइंड क्रिकेट का यह प्रथम प्रशिक्षण शिविर एक ऐतिहासिक घटना है जो कि प्रदेश की नेत्रहीन बालिकाओं और महिलाओं को खेल के मैदान में अपना खेल कौशल दिखाने का, अपने गांव, अपने प्रदेश का नाम, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का अवसर प्रदान करेगा। डॉ राघवेंद्र शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आपने यह कठिन कार्य करने का जो संकल्प लिया है वह निश्चित रूप से एक पुण्य कार्य भी है। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. आरजे राव, कुलपति, बरकतुउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल, डॉ रविंद्र कान्हरे, अध्यक्ष, फीस नियामक आयोग मध्य प्रदेश रहे।


## ग्राम करताना को मिला क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार

**भोपाल।** हरदा जिले की खिरकिया मे चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिटी 11 क्रिकेट क्लब एवं कमल फैन्स क्लब खिरकिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर कमल स्पोर्ट्स क्लब मध्य प्रदेश के संयोजक व युवा तुर्क नेता संदीप पटेल ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का परिचय लिया। इसके बाद उन्होंने मैच का लुफ्त उठाया। खेल प्रेमी पटेल ने विजेता, उपविजेता एवं प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार वितरण कर शुभकामनाएं प्रेषित की। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ग्राम करताना एवं द्वितीय पुरस्कार ग्राम भवरतलाव ने प्राप्त किया। साथ ही आयोजन समिति को सफल आयोजन हेतु हार्दिक बधाई दी।



## सनराइजर्स से नाता टूटने के बाद फिर से दिल्ली से जुड़ने से खुश हैं वार्नर

बेंगलुरू। आस्ट्रेलिया के धाकड़ सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर सनराइजर्स हैदराबाद से नाता टूटने के बाद फिर से दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़कर खुश हैं जहां से उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शुरूआत की थी। यह वार्नर और दिल्ली दोनों के लिये फायदे की स्थिति रही है। दिल्ली फ्रेंचाइजी के सह मालिक पार्थ जिंदल को विश्वास नहीं हो रहा है उन्हें वार्नर जैसा दिग्गज खिलाड़ी केवल छह करोड़ 25 लाख रुपये में मिल जाएगा। जहां तक वार्नर का सवाल है तो सनराइजर्स के साथ उनके रिश्तों में पिछले साल खटास पैदा हो गयी थी जबकि उन्हें टूनामेंट के बीच में कप्तानी से हटा दिया गया था और बाद में उन्हें अंतिम एकादश में भी जगह नहीं मिली थी। वार्नर ने आईपीएल की अपनी यात्रा दिल्ली फ्रेंचाइजी की टीम से ही की थी और उन्होंने फिर से इस टीम से जुड़ने पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा, मैंने जहां से शुरूआत की थी फिर से उसी टीम से जुड़ रहा हूं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं। भारत में जल्द ही आप सभी से मिलने के लिये बेकरार हूं। इस बीच जिंदल ने कहा, डेविड वार्नर को खरीदकर वास्तव में हम उत्साहित हैं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हमें इस तरह का दिग्गज खिलाड़ी छह करोड़ 25 लाख रुपये में मिल गया है।



# हॉकी प्रो लीगः फ्रांस ने लिया हार का बदला

## भारत को 5-2 से शिकस्त दी , विक्टर चार्लेट ने दागे दो गोल

**नई दिल्ली।** फ्रांस की पुरुष हॉकी टीम ने भारत से आठ फरवरी को मिली 0-5 की शिकस्त का बदला लेते हुए उसे शनिवार को यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 के मैच में 5-2 से हराकर पहली जीत दर्ज की। भारत की तरफ से डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह (22) और उप कप्तान हरमनप्रीत सिंह (57) गोल स्कोरर रहे, जबकि फ्रांस के लिए विक्टर चार्लेट (16, 59) ने दो और विक्टर लॉकवुड (35), चार्ल्स मेसन (48) और क्लेमेंट टिमोथी (60) ने एक-एक गोल किया। नीदरलैंड के खिलाफ पिछला मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद



पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हारने के बावजूद फ्रांस रविवार को भारत के खिलाफ आत्मविश्वास से भरा हुआ लगा और अच्छा खेल दिखाते हुए भारत को 5-2 से हरा कर अपनी पिछली हार का बदला लिया।

### हम बिल्कुल भी उम्मीद के मुताबिक नहीं खेलेः मनप्रीत सिंह

भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह ने मैच के बाद निराशा जताते हुए कहा, हम बिल्कुल भी उम्मीद के मुताबिक नहीं खेले। यह निराशाजनक प्रदर्शन था, क्योंकि हमने कई मौके बनाए लेकिन उन्हें प्रभावी ढंग से परिवर्तित नहीं कर सके, जबकि फ्रांस ने सुनिश्चित किया कि वह अपने द्वारा बनाए गए मौकों को गोल में परिवर्तित करे। हमें उम्मीद थी कि फ्रांस आज वापसी करेगा और उसने यही किया। उल्लेखनीय है कि हार के बावजूद भारत पूल स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वह आज मेजबान दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

## शीतकालीन ओलंपिक में जायंट स्लालोम में 45वें स्थान पर रहे भारत के आरिफ खान

**बीजिंग ।** शीतकालीन ओलंपिक में भारत के एकमात्र प्रतिभागी अल्पाइन स्कीअर आरिफ खान रविवार को यहां जायंट स्लालोम स्पर्धा में 45वें स्थान पर रहे। जम्मू कश्मीर के बारामुला जिले के 31 वर्षीय आरिफ खान ने यानकिंग नेशनल अल्पाइन स्कीइंग सेंटर में खराब मौसम में हुई दो रेस में मिलाकर दो मिनट 47.24 सेकेंड का समय निकाला। शीतकालीन ओलंपिक में पदार्पण करने वाले आरिफ खान पहली रेस में 1:22.35 के समय से 53वें स्थान पर रहे जिसमें केवल 54 प्रतिस्पर्धी ही रेस पूरी कर सके। करीब 33 स्कीअर पहली रेस पूरी नहीं कर सके जबकि दो शुरूआत ही नहीं कर पाये। 62 देशों के 89 खिलाड़ियों की शुरूआती सूची में खान 85वें स्थान पर थे। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने दूसरी रेस में बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 1: 24.89 का समय निकाला जिससे वह 44वें स्थान पर रहे जबकि केवल 45 स्कीअर ही रेस पूरी कर सके। नौ स्कीअर दूसरी रेस पूरी नहीं कर पाये जो खराब मौसम के कारण करीब चार घंटे देर से शुरू हुई। दोनों रेस को मिलाकर वह 45वें स्थान पर रहे। वह स्वर्ण पदक विजेता स्विट्जरलैंड के मार्को ओडरमैट से 37.89 सेकेंड पीछे रहे जिन्होंने दोनों रेस में 2:09.35 का समय निकाला।

# शत-प्रतिशत मतदान कर सभी लोग करें लोकतंत्र को मजबूत

## भदोही विकास खंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



भदोही। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप की अध्यक्षता में विकास खण्ड भदोही सभागार में दिव्यांग मतदाता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी के अनुमति से गोष्ठी में उपस्थित समस्त दिव्यांग मतदाताओं का माला पहना कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को सम्बोधित निमंत्रण एवं अपील पत्र उपस्थित सभी दिव्यांग मतदाताओं के मध्य वितरित किया गया। उक्त निमंत्रण पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी दिव्यांग मतदाताओं को 7 मार्च को होने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान हेतु आमंत्रित करते हुए यह अपील की गयी कि हम शत-प्रतिशत मतदान करके ही एक मजबूत एवं स्वस्थ लोकतंत्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान के दिन प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं का प्रदान किया जाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट से दिव्यांगजन के लिए फार्म 12-घ भरते हुए वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गयी हैं। यदि आप मतदेय स्थल पर पहुंचने में असमर्थ हैं तो आप इस फार्म को भरकर पोस्टल बैलेट की मांग कर सकते हैं। यदि आप अपने मत का प्रयोग अपने बूथ पर जाकर करना चाहते है तो मतदेय स्थल पर मतदान करने हेतु सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाओं यथा सहायक, बीएलओ हेल्प डेस्क, व्हील चेयर, दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल मतपत्र, रैम्प, शौचालय, पानी की आपूर्ति इत्यादि की व्यवस्था भी केन्द्रों पर सुनिश्चित की गयी है । जिला प्रशासन का उद्देश्य आगामी 7 मार्च को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में दिव्यांग बन्धुओं का शत - प्रतिशत मतदान का है। इसमें आप सबका योगदान अत्यन्त आवश्यक है । पूर्ण विश्वास है कि आप पोस्टल बैलेट अथवा मतदेय स्थल पर जाकर शत - प्रतिशत मतदान करते हुए मजबूत लोकतंत्र निर्माण में एक अभिन्न अंग के रूप में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगें" एक वोट आपका हक, आपकी आवाज आपका कर्तव्य "।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी राजाराम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजय कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) तनाथ, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) त्रिभु मौर्या, संजय यादव, शिवकुमार, बब्लू कुमार गुप्ता व विकास खण्ड भदोही के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहें।

## अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं की संशोधित तिथि घोषित

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं की संशोधित तिथि घोषित कर दी गई है। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई थीं। संयुक्त खेल सचिव ने बताया कि हैंडबाल महिला प्रतियोगिता 17 व हैंडबाल पुरुष प्रतियोगिता 18 फरवरी को होगी। पूर्व में यह प्रतियोगिताएं 17 व 18 जनवरी को होनी थीं। इसी प्रकार क्रिकेट महिला 23 व 24 फरवरी, ग्रेपलिग नौ मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में ट्रायल के आधार पर होगी, जबकि क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता 16 मार्च तक होगी।

## क्विज के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को 'वोट करेगा जौनपुर' क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह जिले के सभी 2807 परिषदीय विद्यालयों में आयोजित हुई। जिसमें उस क्षेत्र के मतदाताओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए नगर व 21 ब्लाकों में खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने ब्लाकों में निगरानी करते रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहायक स्वीप प्रभारी डा. गोरखनाथ पटेल ने धमार्पुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सरैया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गजना आदि विद्यालयों में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। उपस्थित लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करते हुए सात मार्च को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर से सफल सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले दो-दो प्रतिभागी का नाम बीआरसी पर मंगाया गया है, इनकी ब्लाक स्तर पर 15 फरवरी को समय 11 बजे से परीक्षा होगी। प्रत्येक ब्लाक से सफल तीन प्रतिभागियों की सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। 18 फरवरी को डायट परिसर में जिला स्तरीय परीक्षा होगी। जिसमें सफल प्रथम को 15 हजार, द्वितीय को दस हजार व तृतीय स्थान पर रहने वालों को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर डीसी प्रशिक्षण सुरेश पांडेय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, एसआरजी डा. अखिलेश सिंह, कमलेश यादव, एआरपी राजू सिंह आदि उपस्थित रहे। इसी तरह गौराबादशाहपुर में खंड शिक्षा अधिकरी जय कुमार यादव, बदलापुर में खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्रदेव मिश्र के नेतृत्व में, मछलीशहर में प्राथमिक विद्यालय कसेरवा, अमाई, करियांव मीरगंज सहित कंपोजिट विद्यालय बामी में भी परीक्षा हुई। बरईपार में खंड शिक्षा अधिकरी पंकज कुमार यादव के नेतृत्व में वोट करेगा जौनपुर नामक क्विज प्रतियोगिता हुई।

## भाजपा प्रत्याशी पूनम सरोज का कार्यकर्ताओं ने किया जबरदस्त स्वागत

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना सुरक्षित विधानसभा सीट से पूनम सरोज भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद कार्यकताओं ने रविवार को फूल मालाओं से जबर्दस्त स्वागत किया। इस दौरान दर्जनों लग्जरी वाहनों के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया। टिकट मिलने पर कार्यकताओं में काफी जोश खरोश देखा गया। श्री राम सोनकर का टिकट कटने के बाद पार्टी शीर्ष ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश सरोज की पत्नी पूनम सरोज को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जैसे ही ये खबर क्षेत्रवासियों को हुई तो



खुशी से झूम उठे। लखनऊ से मोहम्मदाबाद गोहना विधानसभा आने पर कार्यकताओं ने उम्मनपुर बॉर्डर पर दर्जनों वाहन के साथ पहुंच गए और वहां से उनका स्वागत शुरू हुआ जो चालीसवां, बनियापार, बरहदपुर, कैलेंडर तिराहा शंकर तिराहा विजय स्तंभ चैक, शहीद चैराहा, सुरहूरपुर, करहां, चिरैयाकोट आदि जगहों पर कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया उनके टिकट मिलने की खुशी पर सुबह से ही ढोल ताशे नगाड़े बजते रहे। महिला प्रत्याशी ने कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान श्री सरोज ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना किया।

## टीच वन सेव वन के अंतर्गत युवाओ के लिए सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊ। सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया की तरफ से चलाये जा रहे टीच वन सेव वन अभियान के अंतर्गत रविवार को शारदा नारायन हॉस्पिटल के सहयोग से शारदा नारायन हॉस्पिटल परिसर में थेलिसिमिया वेलफेयर सोसाइटी एव शहर के नौजवानो के लिए सी० पी०आर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्धघाटन शारदा नारायन हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ संजय सिंह एव सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इण्डिया यू०पी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ सुजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वल कर-के किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया यूपी चेप्टर के अध्यक्ष डॉ सुजीत सिंह ने बताया कठिन परिस्थितियो में घायल या दुर्घटना के शिकार लोगो के प्राथमिक उपचार में उन्हें क्या करना चाहिए। डा0 सुजीत सिंह ने बताया सर्वप्रथम दुर्घटना स्थल पर या घर में कोई ऐसी आकस्मिक घटना



होती है तो कम से कम हमें सही जानकारी का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्राथमिक उपचार व सी0पी0आर0 की जानकारी हो और आम आदमी अगर प्रशिक्षित होतो कुछ हद तक मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है तथा वहा की स्थितियों पर भी काबू पाया जा सकता है। आगे डॉ सिंह ने डमी के माध्यम से सही तरीका बताया की कैसे हमें सीपीआर करना होता है जिसमे मरीज की छाती पे बीचोबीच 5-7 सेमी के दबाव से 100-120 प्रति मिनट की दर से दबाये। इस अवसर पर शारदा नारायन हास्पिटल के डायरेक्टर व वरिष्ठ चिकित्सक डा0 संजय सिंह ने कहा कि शारदा नारायन हास्पिटल ऐसे प्राथमिक उपचार व सीपीआर के कार्यक्रम का आयोजन निरंतर करेगा क्यो की ये बहुत ही महत्वपूर्ण ट्रेनिंग है और अगर ये घर घर तक लोगो को इसकी सही जानकारी हो जाये तो आपातकालीन अवस्था में ये बहुत ही कारगार सिद्ध होगा । इस अवसर पर डा0 राहुल कुमार, डा0 रूपेश सिंह, डा0 सतिश सिंह, मनोज, सुरेश सिंह, गौरव, मनीष सूर्यप्रकाश, अरविंद, शादाब अदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलमावा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पुलमावा के शहीदों को ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सोमवार को नम आंखों से श्रद्धाजंलि दी गई। क्षेत्र के नेशनल इंटर कालेज पिंडरा, श्री देवमूर्ति शर्मा इंटर कालेज दबेथुवा, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल फूलपुर, प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर में छात्राओं द्वारा 14 नवम्बर को आतंवादियों द्वारा विस्फोटक सामग्री भरे वाहन को सेना की गाड़ी को टक्कर मारकर उड़ा दिए जाने से दर्जनो सैनिकों के अपनी जान गवानी पड़ी थी। जिसकी याद में फूलपुर में भी श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया और इस कायराना हरकत को घृणित कार्य बताया। इस दौरान लोकजन सम्मान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. अजय, कुलदीप विश्वकर्मा उमेश, राधेश्याम, गुलाब श्यामलाल, पूर्व प्रधान राजकुमार, डॉ. अनिल विश्वकर्मा समेत अनेक लोग रहे।

## भाजपा सदर प्रत्याशी अशोक सिंह के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

मऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 356 मऊ सदर विधानसभा से अशोक सिंह को प्रत्याशी घोषित होने के बाद जनपद कार्यालय पर प्रथम आगमन हुआ। मऊ सदर से भाजपा प्रत्याशी अशोक सिंह ने कहा की जनपद की चारो विधानसभा सीटों को भाजपा के प्रत्याशी भारी मतों के अंतर से जीतेंगे। सपा बसपा जैसे विपक्ष की गैर जिम्मेदाराना सरकार की नीतियों से अजीज आ चुकी प्रदेश की जनता अब पूरी तरह से भाजपा की विकासवादी नीतियों के साथ खड़ी है। केंद्र में मोदी जी और प्रदेश में योगी जी की सरकार ने जनता का विश्वास जीत लिया है। पूरे प्रदेश में अब कानून का राज है, अपराधी या तो जेल में हैं या तो अपना परिणाम भुगत चुके है। इस विधानसभा चुनाव में मऊ जनपद को जिले के वोटर अपने वोट के चोट से माफिया मुक्त बना देंगे ऐसा हम सब को पूर्ण विश्वास है। पूरे प्रदेश में विकास का पहिया तेज गति से दौड़ रहा है जो की अब विपक्ष के राजनैतिक पैतरेबाजी के बाद भी रुकने वाला नहीं है। पूरे प्रदेश की जनता अपना हित भाजपा के साथ जोड़ चुकी है। इस अवसर पर जिला प्रभारी सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता, मनोज राय, विजय नारायण शर्मा, संतोष सिंह, गनेश सिंह, संजय पाण्डेय, आनंद प्रताप सिंह, अनिल श्रीवास्तव, संगीता द्विवेदी, रामाश्रय, नूपुर अग्रवाल, संजीव जायसवाल, यादवेंद्र सिंह, राकेश तिवारी, सुनील यादव, राघवेंद्र शर्मा, दीपू सिंह, अभिषेक राय इत्यादि मौजूद रहे।



## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को लूटने वालों का नहीं लगा सुराग

महराजगंज (आजमगढ़)। महराजगंज थाना क्षेत्र में चार फरवरी को प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट की घटना का राजफाश करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। सोमवार रात मड़छा हरिवल्लभ गांव में चोरी की घटना का राजफाश करने का दावा तो किया है। लेकिन चोरी का माल बरामद नहीं हो सका। बरामदगी के नाम पर पुलिस को आधार कार्ड, बैंक पासबुक व दो साड़ियां मिली हैं। बिलरियागंज स्थित एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी गजेंद्र यादव चार फरवरी की शाम क्षेत्र के गांवों से किस्त का पैसा कलेक्शन कर वापस जा रहे थे। खानपुर भगतपट्टी मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि पीछा कर रहे बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया। कनपटी पर तमंचा सटाकर 1,46,500 रुपये लूट लिया था।

## जरा याद उन्हें भी कर लो, जो लौट के घर ना आए

प्रखर रामनगर वाराणसी। पुलवामा आतंकी हमले के तीसरी बरसी पर युवाओं ने नम आंखों से शहीदों की शहादत को याद कर नमन किया। पीएससी तिराहे के समीप स्थित शहीद उद्यान में युवाओं ने शुभम सिंह के नेतृत्व में पुलवामा

**जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी**

आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सीआरपीएफ के जवानों को याद कर नम आंखों से श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए शुभम सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए बर्बर आतंकी हमले की बरसी पर आज मैं उन सभी वीर पुत्रों की शहादत को सलाम करता हूं, जिन्होंने देश की सुरक्षा व राष्ट्र स्वाभिमान की खातिर अपने रक्त की एक-एक बूंद समर्पित कर दी। ऐसी कायराना हरकतों से शत्रु ने भले ही हमें शहीद जवानों के रूप में अपूरणीय क्षति पहुंचाई हो, लेकिन हिन्द महासागर से भी गहरे हमारे दृढ़ इरादों को वे कभी डिगा



नहीं सकते। देश की अखंडता को समर्पित शहीदों अद्वितीय साहस व शौर्य को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है, वीर जवानों के साहस, शौर्य व समर्पण पर सम्पूर्ण भारतवर्ष गौरवान्वित है। वहीं, गोबिंद यादव ने कहा कि भारतीय सेना के शहीद वीर जवानों का बलिदान समस्त देशवासियों को राष्ट्र रक्षा में प्रतिपल प्रतिबध्द रहने हेतु संकल्प प्रदान करता है, मातृभूमि की रक्षा हेतु आपकी वीरता और त्याग को देश सदैव याद रखेगा। इसके पश्चात युवाओं ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान गोबिंद यादव, संतोष गुप्ता, अनिल साहनी, आदित्य गुप्ता, हेमंत केशरी, गौरव गुप्ता, उमाशंकर यादव, प्रदीप साहनी, सत्यम सिंह रहें।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मुहम्मदपुर (आजमगढ़)। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर स्थित स्टेट बैंक के सामने ट्रक की चपेट में आने से रविवार दोपहर एक बजे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मंगरावां रायपुर निवासी सुशील (43) प्याज का बेहन लेने के लिए घर से मोटरसाइकिल से बिद्रा बाजार जा रहे थे। आजमगढ़-वाराणसी हाईवे पर मुजफ्फरपुर के पास पहुंचे थे कि वाराणसी की ओर आ रहे ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सुशील की मौके पर ही मौत हो गई। मुजफ्फरपुर के प्रधान मोहम्मद सऊद ने मंगरावां रायपुर के ग्राम प्रधान राजेंद्र के माध्यम से स्वजन को हादसे की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसका ढाई वर्ष का एक पुत्र है।

## लग्जरी कार से पांच लाख रुपये व चुनाव सामग्री बरामद

आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के नाऊपुर गांव के पास उड़नदस्ता ने शनिवार देर चेकिग के दौरान जिला पंचायत सदस्य के बेटे अंकित के वाहन से पांच लाख रुपये व एक पार्टी की प्रचार सामग्री बरामद किया है। इस गाड़ी में चालक सहित दो लोग बैठे थे। उड़नदस्ता ने धनराशि व प्रचार सामग्री को जब्त करते हुए पुलिस व कोषागार को सूचना दे दी है। लग्जरी वाहन को सीज कर दिया गया है। उड़दस्ता में शामिल सहायक विकास अधिकारी रामाशीष अपने सहयोगी गोपाल मौर्य व बजरंगी यादव के साथ वाहन चेकिग कर रहे थे। इसी बीच एक लग्जरी कार को रोककर टीम ने जांच की। वाहन से पांच लाख रुपये व काफी संख्या में प्रचार सामग्री बरामद हुई। प्रचार सामग्री पर मुद्रक प्रकाशन का नाम नहीं था। वाहन से बरामद धनराशि के बारे में पूछताछ पर वाहन चालक कादिर निवासी सरैया व अंकित कुमार निवासी अतरैठ ने कोई कागजात



नहीं दिखाए और न ही उत्तर दे सके। इस पर टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर थाने को सौंप दिया। अंकित एक जिला पंचायत सदस्य के बेटे हैं। एसडीएम बूढ़नपुर नवीन कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता ने चेकिग के दौरान पांच लाख रुपये व चुनाव सामग्री को बरामद किया गया है। वाहन को सीज करते हुए धनराशि व चुनाव सामग्री को थाने को सुपुर्द कर दिया गया है। धनराशि बरामदगी की सूचना कोषागार को दी गई है। अतरौलिया थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। रुपये के बारे में संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत करने पर लौटाया जाएगा।

## चुनाव ड्यूटी में आठ लोग पाए गए अनफिट

आजमगढ़। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में डीएम अमृत त्रिपाठी के आदेशानुसार रविवार को विकास भवन के सभागार में गंभीर बीमारी से ग्रसित पीठासीन अधिकारियों का मेडिकल परीक्षण प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार मेडिकल बोर्ड ने किया। कुल 71 आवेदन पत्र के सापेक्ष 35 लोगों को बुलाया गया था। जिसमें 30 लोग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुए एवं पांच लोग अनुपस्थित रहे। कुल आठ लोग चुनाव ड्यूटी के लिए अनफिट पाए गए। सात लोगों को संबंधित विभाग को स्क्रीनिग के लिए मेडिकल बोर्ड ने संस्तुति प्रदान की। सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि तीन लोगों को पुनः आवेदन पत्र पूर्ण मेडिकल प्रमाण पत्र और विभाग से स्वीकृत चिकित्सा अवकाश के प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करने के लिए अवगत कराया गया। शेष लोगों को प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को शाम चार बजे से पांच बजे तक विकास भवन के सभागार में मेडिकल परीक्षण के लिए सूचित किया जाएगा।

## फर्नीचर की दुकान में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

रौनापार (आजमगढ़)। जीयनपुर क्षेत्र के सुखपुर मसोना बाजार में गुरुवार की रात फर्नीचर की दुकान के शटर का ताला तोड़कर हुई चोरी का रविवार को पुलिस ने राजफाश कर दिया। पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों के साथ ही चोरी गए माल को भी बरामद कर लिया। पकड़े गए चोरों में राकेश पर विभिन्न थानों में 22 मुकदमें दर्ज हैं। एसपी ग्रामीण सिद्धार्थ ने बताया कि राकेश की हिस्ट्रीशीट खोलने के साथ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। जीयनपुर कस्बे से सटे सुखपुर मसोना बाजार में फर्नीचर की बड़ी फर्म है। फर्म मालिक सलीम अहमद गुरुवार रात आठ बजे दुकान बंद कर फर्म से सटे अपने मकान में चले गए। शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा था। कैश काउंटर से 5.51 लाख के अलावा सिलाई मशीन, एलईडी टीवी, कूलर, पंखा सहित लगभग 10 लाख का सामान गायब था। पुलिस ने सीसी टीवी का सहारा लिया तो चोरों को चिह्नित करने में मदद मिल गई। रविवार दोपहर डेढ़ बजे पुलिस को सूचना मिली कि रजादेपुर बाजार के पास बाइक सवार तीन संदिग्ध खड़े हैं। पुलिस ने चोरी को अंजाम देने वाले राकेश मल्लाह निवासी राहुल नगर मड़या, रवि निषाद, आयुष कनौजिया निवासी गौरीशंकर नगर को जीयनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से तमंचा, जिदा कारतूस, बाइक, चोरी का सामान बरामद हुआ है।

## बसपा ने चारों सीटो पर घोषित किये प्रत्याशी

मऊ। रविवार को बहुजन समाज पार्टी ने मऊ जनपद की चारों विधानसभाओं के प्रत्याशी घोषित कर दिया। जहां मऊ सदर विधानसभा से भीम राजभर वही मोहम्मदाबाद गोहना से धर्म सिंह गौतम, मधुबन विधानसभा से नीलम सिंह कुशवाहा और घोसी विधानसभा से वसीम इकबाल को प्रत्याशी घोषित किया गया।

## लापता बच्चे का शव बरामद, हत्यारा चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र के जगरनाथ सराय गांव से दो दिन पूर्व लापता मासूम का बोरे में भरा शव रविवार भोर में पड़ोसी के घर से पुलिस ने बरामद कर लिया। साक्ष्य संकलन के दौरान आरोपित पुलिस को कोठिया रेलवे लाइन के पास ले गया। वहां छिपाकर रखे गए तमंचे से पुलिस पर आरोपित ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसके बाएं पैर में गोली लगी है। घायल आरोपित को जिला अस्पताल से बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। किसी बवाल की आशंका पर गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है।



जगरनाथ सराय निवासी कुनाल (5) पुत्र अवधेश राम 11 फरवरी की शाम अन्य बच्चों के साथ घर के पास खेलते समय रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। परिवार के लोग खोजबीन कर रहे थे। अवधेश ने रात 10 बजे घटना की सूचना पुलिस को दी थी। शनिवार को पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल पर वाट्सएप के माध्यम से पैसे की मांग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में टीम गठित करने के साथ खुद भी पीड़ित परिवार से मिलकर घटना पूरी जानकारी ली। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए मनीष कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके नाना की वर्ष 2011 में हत्या कर दी गई थी। जिसका बदला लेने के लिए वह बच्चे को टाफी देने के बहाने घर में ले गया और गला दबाकर मार डाला। उसके बाद बोरे में भरकर शव को बारजे पर छिपा दिया। इस मामले में तीन और लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कायस्थ उम्मीदवारों को सहयोग-समर्थन के लिए ग्लोबल कायस्थ ने कसी कमर : विजय श्रीवास्तव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कायस्थों के हित के लिए राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संगठन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) ने यूपी विधानसभा चुनाव में अपन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। वाराणसी में आहूत एक बैठक में जीकेसी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से किसी भी पार्टी या निर्दलीय टिकट पर चुनाव लड़ रहे कायस्थ उम्मीदवारों को अपना सहयोग-समर्थन देने का निर्णय लिया है गौरतलब है कि जीकेसी के पदाधिकारियों की सिगरा स्थित सेंट मरियम स्कूल में बैठक सम्पन्न हुई` राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी पूर्वी उत्तर प्रदेश शशिकान्त श्रीवास्तव ने कहा कि अपने स्थापना काल 1 फरवरी 2021 से ही कायस्थों की सामाजिक ,आर्थिक , शैक्षणिक, राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप विभिन्न राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश चुनाव में 51 कायस्थ प्रतिनिधियों को टिकट



दिया है जिसमें प्रमुख राजनीतिक दलों में आप पार्टी द्वारा 09, भारतीय जनता पार्टी ने 05, कांग्रेस पार्टी 03,बी एस पी 03, समाजवादी पार्टी 02, राष्ट्रवादी विकास पार्टी 12, सुभाष पार्टी 07, जनता दल यूनाइटेड 03,लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में योग्यता , संख्याबल, गुणवत्ता के दृष्टिकोण से अपेक्षाकृत कम टिकट मिले। इसके बावजूद जीकेसी अपने संघर्षपूर्ण अभियान को जारी रखते हुए सभी कायस्थ उम्मीदवारों को सक्रिय होकर समर्थन देगा ताकि भविष्य में राजनीति तथा संसदीय व्यवस्था में कायस्थों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके । जीकेसी पदाधिकारियों ने कहा कि कायस्थों का गौरवशाली इतिहास रहा है और देश की आजादी की लड़ाई के साथ-साथ राजनीति ,प्रशासन एवं अन्य क्षेत्रों में इस जाति के लोगों ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है लेकिन इधर देश में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इस जाति के राजनीतिक, व्यवसायिक , शैक्षणिक, सामाजिक हितों को नजरअंदाज करने की कोशिश की जा रही है। जीकेसी कायस्थों को नजरअंदाज किए जाने के विरोध में तथा अपनी समुचित भागीदारी के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार अभियान चला रहा है । जीकेसी पदाधिकारियों ने कहा कि इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के चुनाव में जीकेसी के पदाधिकारी , सदस्य तथा कार्यकर्ता उन विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे जहां कायस्थ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं । इन क्षेत्रों के कायस्थ उम्मीदवारों को अपना भरपूर समर्थन देने के लिए कायस्थ मतदाताओं के साथ-साथ अन्य जाति-धर्म के मतदाताओं से अपील करेंगे जिससे अच्छी संख्या में कायस्थ प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे । उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों के लिए जीकेसी की चुनाव प्रचार टोलियां गठित की गई है जो मतदाताओं को उनके हितों के बारे में अवगत कराकर कायस्थ प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए अपील - आग्रह करेगी। इसके साथ ही मतदाताओं खासकर महिला मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केंद्रों तक पहुंचकर उनसे हर हाल में वोट देने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। इसके लिए जीकेसी का महिला संगठन भी कार्य करेगा उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से भी जीकेसी के प्रतिनिधि कायस्थ उम्मीदवारों के पक्ष में काम करने के लिए यूपी पहुंच रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि वाराणसी में सभी विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारी नियुक्त हो चुके हैं शीघ्र ही समर्थित प्रत्याशी के समर्थन में ब्यापक प्रचार प्रसार शुरू किया जायेगा। बैठक में सर्वश्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रवीण वर्मा, दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव पंकज, राजेश्वर श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डा निरंजन श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, हरिकृष्ण श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, निमेश श्रीवास्तव समेत कई अन्य लोगों ने अपने विचार साझा किये।

## मिर्जामुराद क्षेत्र में पुरातन छात्र समागम हुआ संपन्न

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। वाराणसी के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में रामसिंहपुर गांव में पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया जिसमें पुरातन छात्र एक दूसरे से मिल कर आनंदित हुए और पुरानी यादें ताजा किये। सहपाठियों के मिलते ही पुरानी यादें हुई ताजा, लगे ठहाके 27 वर्ष बाद मिले कालेज में पढ़ने वाले साथी मिजार्मुराद रामसिंहपुर गांव में रविवार को पूर्व प्रधान इलाका सिंह के घर पर पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया।जनता इंटर कालेज (खोचवां) में वर्ष 1995 में इंटर की कक्षा में एक साथ पढ़ने वाले सहपाठी जुटे। कालेज जीवन के साथी जब 27 वर्षो बाद मिले तो एक-दूसरे को देखते ही रह गए।मन में बस कालेज जीवन की यादें ताजा हो अनायास ही चेहरे पर मुस्कराहट छा गई।चाय की



चुस्कियों व चूड़ा-मटर-गाजर हलवा संग पुरानी बातों पर चर्चा हो जमकर ठहाके लगे।कालेज जीवन के बाद सेना, शिक्षा, वकालत, चिकित्सा, पत्रकारिता, व्यवसाय समेत विभिन्न क्षेत्रो में पहुंचे साथियों ने अपने जीवन के संघर्षों की भी बात रखी।मुंबई में रहने वाले एलआईसी से जुडे आयोजक बसंत सिंह ने सभी सहपाठियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत करने के साथ उनका आभार जताया। इस अवसर पर इंटर कालेज व महाविद्यालय के प्रबंधक राजीव गौतम, तहसील बार के पूर्व महामंत्री नन्दकिशोर सिंह पटेल, रिटायर्ड फौजी प्रदीप सिंह, पत्रकार शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', डा.अखिलेश सिंह, अनिल चौबे, डा.आशुतोष उपाध्याय, दीनदयाल विश्वकर्मा समेत अन्य पुरातन छात्र उपस्थित रहे।

## हिंदू युवा वाहिनी ब्लॉक ईकाई की हुई बैठक

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत क्षेत्र के नईबाजार सिंह हार्डवेयर पर हिन्दू युवा वाहिनी ब्लॉक इकाई की बैठक रोहित सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में संगठन के मजबूती को लेकर चर्चा करने के साथ प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने को लेकर मंथन किया गया मुख्य अतिथि बैठक में पहुँचे अमरीश सिंह भोला ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश का सर्वांगीण विकास के साथ प्रदेश को एक अलग पहचान दी है उन्होंने बताया कि प्रदेश में दोबारा बीजेपी की सरकार बनाने जा रही हैं हम लोगो को अपना बूथ मजबूत करने के साथ साथ प्रदेश की उपलब्धियों को घर घर जाकर बताने की जरूरत है। मुख्य अतिथि अमरीश



सिंह भोला, जिला उपाध्यक्ष अनिल दुबे,रोहित सिंह त्रम्बकेश्वर सिंह रहे ' इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक आलोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सिंह, ब्लॉक महामंत्री राकेश कुमार पांडे, विकास गुप्ता, राहुल पाठक, विपिन पाठक, रोहित सिंह, हवलु गौड़,अश्विनी राय, आकाश सरोज, हर्ष सिंह, निखिल सिंह, वैभव गुप्ता, रोहित सिंह, आर्यन सिंह, उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में जमकर चले ईंट पत्थर, आधा दर्जन लोग घायल



प्रखर केराकत जौनपुर। थाना क्षेत्र के डेडुवाना गांव में रविवार की दोपहर भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जमकर ईंट-पत्थर चलने से दोनों पक्षों के छह व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। उक्त गांव में एक भूखंड को लेकर दो पक्षों में काफी समय से विवाद व तनातनी चली आ रही है। पूर्व में भी मारपीट हो चुकी है। मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। रविवार को विवादित भूमि पर एक पक्ष ने अपने मवेशियों को बांध दिया। दूसरे पक्ष ने एतराज किया। इसी पर शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर ईंट-पत्थर चलाए गए। पथराव में एक पक्ष के प्यारे लाल, सतीश, अमित तो दूसरे पक्ष के भानु प्रताप, विजय प्रताप और उदय प्रताप चोटिल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चोटों की गंभीरता को देखते हुए सभी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। घटना को लेकर गांव में दोनों पक्षों के बीच स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया नामांकन स्थल का निरीक्षण

पीडीडीयू नगर। पुलिस अधीक्षक चन्दौली अंकुर अग्रवाल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर के साथ विधान सभा सामान्य निर्वाचन -2022 को निष्पक्ष,सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व चल रहे नामांकन प्रक्रिया के दृष्टिगत नामांकन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा नामांकन सुरक्षा व्यवस्था हेतु ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल को ब्रीफ कर अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ड्यूटी में लगे सभी सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया गया कि नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशी एवं प्रस्तावकों के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति नामांकन केन्द्र पर प्रवेश न करें तथा नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न उत्पन्न हो। नामांकन केन्द्र के अन्दर जाने से पूर्व सभी की विधिवत चेकिंग उपरांत ही अन्दर जाने दिया जाये।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ काशी विद्यापीठ वाराणसी के नेतृत्व में बी आर सी केसरीपुर में शिक्षकों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। लोकतंत्र महापर्व 2022 को सफल बनाने हेतु सनत कुमार सिंह जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ काशी विद्यापीठ वाराणसी के नेतृत्व में बी आर सी केसरीपुर में शिक्षकों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया और शिक्षकों व समाज के लोगों को निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उक्त मौके पर सनत कुमार सिंह ने कहा



कि भारत लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने हेतु शत-शत प्रतिशत मतदान किया जाना आवश्यक है सभी शिक्षक अपने परिवार के लोगों सहित समाज के सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक अवश्य करें। उक्त मौके पर शिक्षकों के बीच उपस्थित काशी विद्यापीठ के खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया,उन्होंने कहा कि प्रायः देखा जाता है कि कुछ जगहों पर शिक्षित वर्ग मतदान में सहभागिता कम करते हैं इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में ब्लॉक मंत्री अनूप सिंह, ऑडिटर राजेश सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, प्रचार मंत्री राजकुमार, ललित कुमार सिंह, डॉ सिद्धनाथ पांडेय, शैलेंद्र सहाय, राजीव सिंह व नारी शक्ति के रीता राय, आरती गुप्ता, नीलम तिवारी, अंजूलता सिंह, शम्पा बागची, अर्चना यादव, रजनी राय, किरन सिंह, अनुपमा सिंह, अभिलाषा, ममता, अनीसा बानो, प्रेमलता आदि शामिल रहे ।

## समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की वाराणसी में संगठन समीक्षा बैठक संपन्न

प्रखर वाराणसी। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की वाराणसी संगठन समीक्षा बैठक अर्दली बाजार स्थित पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर मौजूद रहे । बाबा साहब अंबेडकर जी और डा0 राममनोहर लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई । अध्यक्षता अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने किया और संगठन की प्रस्तावना जिलाध्यक्ष नत्थू सोनकर ने पढ़ी ।

मुख्य अतिथि समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर ने कहा उत्तर प्रदेश में कारनामें ही केवल दिख रहे हैं । सरकार वीक है तभी पेपर लीक है । नौकरी मांगने पर लाठी और मुकदमे दिए जाते हैं । जातीय जनगणना से कराने से यह सरकार भाग रही हैं । युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने कहा विपक्ष के दमन करने को ही यह सरकार विकास समझती हैं । प्रशासनिक



मिशनरियों को कठपुतली बनाकर नचाया जा रहा हैं । प्रदेश में विकास के रुके पहिए को फिर से दौड़ने का काम सपा सरकार बनते किया जायेगा । समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव आर के प्रसाद और बबिता भारती ने कहा दलित शोषित वंचित समाज का भला केवल समाजवादी सरकार ही कर सकती है । इस सरकार ने तो संविधान को ही खत्म करने का कुचक्र रचा है । महिला सुरक्षा के मुद्दे पर यह सरकार फेल है । समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अजय प्रकाश राजू और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबा साहब वाहिनी गौतम कन्नौजिया ने कहा यह देश और प्रदेश संविधान से चलेगा । गांधी , लोहिया , अम्बेडकर जी के विचरों से नौजवान पीढ़ी को अवगत कराने की जरूरत है । बाबा साहब वाहिनी महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में बदलाव की बयार चल रही हैं । हर चरण के मतदान में लोगों में सत्ता के प्रति गुस्सा ही परिवर्तन का कारण बन रहा हैं । जिलाध्यक्ष नत्थू सोनकर ने कहा भाजपा प्रदेश में केवल नफरत बो रही हैं । नफरत को समाजवादी प्यार भाईचारे से खत्म करेंगे । जिला महासचिव बाबा साहब वाहिनी राकेश कुमार पॉल और महानगर महासचिव बाबू सोनकर ने कहा साइकिल की रफ्तार बढ़ती जा रही है और वैमनश्यता फैलाने वालों का इंजन पटरी से उतर चुका है । समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों की चुनाव में भूमिका भी तय की गई जिम्मेदारी दी गई । समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से सत्यप्रकाश सोनकर , वरुण सिंह , आरके प्रसाद , बबिता भारती , वीरेन्द्र यादव , नत्थू सोनकर , अजय प्रकाश राजू , राहुल कुमार , गौतम कन्नौजिया , संदीप चौरसिया , जुहैर हसन , रवि बिंद भानु , हनुमान यादव , अशरफ खां , गुल्लू सोनकर , जानकी देवी , डा0 मधु सोनकर , शाहिद , राजकुमार पटेल , आरिफ राजू , इरशाद अहमद , अनिल राय , प्रतीक कन्नौजिया , आकाश वर्मन , नीरज सेठ , बबलू , गुड्डू यादव , निजामुद्दीन , किशन कन्नौजिया , जय गोविंद , संदीप सिंह , सुजल राज , विनोद कुमार , संतोष कुमार , सहित सैकड़ों समाजवादी मौजूद रहे । संचालन जिला महासचिव राकेश कुमार पॉल और धन्यवाद महानगर महासचिव बाबू सोनकर ने किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### दो ट्रकों के आमने सामने के टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

**घटना के कारण तीन घंटे लगा रहा भीषण जाम**



प्रखर चंदवक, जौनपुर। आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर रामगढ़ गांव के पास सोमवार प्रातः चार बजे दो ट्रकों में आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में दोनों ड्राइवर व एक खलासी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को सीएचसी डोभी भेजवाया जहां दोनों ड्राइवरों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया वहीं ट्रकों के टक्कर के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।तीन घंटे लगे जाम को खुलवाने में पुलिस को काफी मसक्कत करनी पड़ी।जेसीबी मशीन से ट्रकों को सड़क से हटाया गया तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका। वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रही बालू लदी ट्रक को आजमगढ़ से वाराणसी जा रही खाली ट्रक की रामगढ़ गांव के पास आमने सामने सीधी टक्कर हो गई। जिससे दोनों ट्रकों के ड्राइवर व खलासी घायल हो गए। सूचना पर तत्काल पहुचीं पुलिस तीनों को सीएचसी डोभी भेजवायी। खाली ट्रक नंबर UP53ET9666 के खलासी 25 धीरज (25) पुत्र रामप्रताप निवासी डीह घाट चौरी चौरा, गोरखपुर को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया वहीं ड्राइवर शैलेश (35) व बालू लदी ट्रक नंबर UP50BT 9791 के ड्राइवर विमलेश पुत्र राजेन्द्र निवासी सरायमीर आजमगढ़ की स्थिति गंभीर देख ट्रामासेन्टर रेफर कर दिया। पुलिस दोनों ट्रकों को जेसीबी से हटवाया तब जाकर जाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो सका।

### मजिस्ट्रेट उड़नदस्ता प्रभारी नेपोलियन के नेतृत्व में वाहनों की किया गया सघन चेकिंग



प्रखर केराकत जौनपुर। मनियरा चौराहे के समीप आज आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग लगातार अपनी सक्रियता को बरकरार रखते हुए अपनी पैनी नजर अराजक तत्वों पर बनाये हुए हैं।ताकि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके इसी क्रम में क्षेत्र के मनियरा चौराहे के समीप मजिस्ट्रेट उड़नदस्ता प्रभारी नेपोलियन के नेतृत्व में वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।रास्तो से गुजर रही सभी वाहनों को सक्रियता पूर्वक चेकिंग किया गया इस अवसर पर उपनिरीक्षक रामाश्रेय सिंह यादव,हेड कांस्टेबल सुशील यादव, हेड कांस्टेबल गोवर्धन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डेढ़ माह बाद गुलजार हुए परिषदीय विद्यालय



प्रखर पिंडरा वाराणसी। डेढ़ माह बाद खुले परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को चहल पहल दिखी। छात्र छात्राएं में उत्सुकता दिखी। कही बच्चे स्कूलों में खेलते नजर आए तो कही कोविड नियमों के तहत कक्षा संचालन होते दिखा। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फूलपुर, सैरागोपालपुर, जमापुर, समोगरा, मंगारी, सिंधोरा, थानारामपुर समेत अनेक स्कूलों में कोविड नियमो के तहत थर्मल स्कैनर, सेनेटाइज्ड करने के बाद बच्चों को कक्षा में प्रवेश दिया जा रहा था। वही स्कूल खुलने का पहला दिन होने के कारण कुछ स्कूलों में उपस्थिति कम दिखी। इस बाबत बीईओ मंगरु राम ने बताया कि सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि अभिभावक की सहमति पत्र लेने के साथ कोविड गाइड लाइन के अनुरुप शिक्षण कार्य कराए। वही क्षेत्र के निजी विद्यालय में भी एलकेजी से लेकर 8वी तक के स्कूल खुल गए और कक्षाएं संचालित हुई। निजी विद्यालयों में बिना मास्क के बच्चों को प्रवेश नही दिया जा रहा था।

### भगवान विश्वकर्मा की मनी जयंती



प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के सोनपुरवा स्थित भगवान विश्वकर्मा मन्दिर में सोमवार को विश्वकर्मा भगवान जयंती समारोह समाज के लोगों द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विश्वकर्मा समाज के दर्जनों लोगों ने उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, डॉ अजय, सुभाष, राजेन्द्र,राजेश, मंगला, राजकुमार, उमेश ,अब्बास शेख, शौकत अली, रवि पटेल व रोहित चौहान समेत अनेक लोग रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं